DD
# दिव्य दिल्ली
दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र
RNI No. DLHIN/25/A2321
वर्ष: 01, अंक: 09, पृष्ठ: 08
infodivyadelhi@gmail.com
मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 तदनुसार 19 भाद्रपद विक्रमी सम्वत 2082 | www.divyadelhi.com | facebook.com/divyadelhi
तापमान अधिकतम 30 डिग्री न्यूनतम 25 डिग्री | सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 06.50

## एसआईआर में गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द होगी: सुप्रीम कोर्ट

अदालत ने चुनाव आयोग को संवैधानिक संस्था मानते हुए कानून का पालन करने की बात कही



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान चुनाव आयोग की ओर से किसी भी तरह की गैरकानूनी प्रक्रिया अपनाई गई है, तो पूरा संशोधन अभियान रद्द किया जा सकता है। अदालत ने साफ किया कि यह फैसला सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं होगा, बल्कि गेशभर में चलने वाली सभी रक्फ़कवायदों पर लागू होगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह मानकर चलती है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और कानून व नियमों का पालन कर रहा है। यह विडियो भी देखें

**आधार कार्ड पर फिर से विवाद**
अदालत ने मामले की अगली सुनवाई और अंतिम बहस के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सोमवार को आदेश दिया था कि बिहार में चल रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड को भी 12वें वैध दस्तावेज के तौर पर स्वीकार किया जाए।232

### जिला कलेक्टर के अधिकार पर क्या कहा?

**पहले**-वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के अनुसार, वक्फ बोर्ड जिस भी संपत्ति पर अतिक्रमण करेगा, वो संपत्ति सरकारी है या नहीं? यह तय करने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास था।
**अब** - इसपर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिला कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों पर फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा।

## वक्फ के कई प्रावधानों पर रोक

याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई




**नई दिल्ली**
कुछ महीने पहले संसद के बजट सत्र में जब वक्फ बोर्ड अधिनियम 2025 पेश हुआ, तो देश के कई हिस्सों में इसका विरोध किया गया। दोनों सदनों में बहुमत से पास होने के बाद राष्ट्रपति ने भी इसे मंजूरी दे दी। वहीं, अब वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है।
चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगवाई वाली 2 जजों की बेंच ने वक्फ कानून के खिलाफ दायर 5 याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान एड्वोकेट कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और धवन पैरवी ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। गौरतलब है कि पहले के कानून में वक्फ बाय यूजर का प्रावधान था। यानी किसी संपत्ति पर यदि वक्फ का कब्जा लंबे समय से है तो वह वक्फ का माना जाएगा, चाहे बोर्ड के पास उस संपत्ति के कागजात हो या न हो।

**वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**
**1. कौन बन सकेगा वक्फ बोर्ड का सदस्य?**
पहले - वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान था कि पांच साल से ज्यादा समय तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाले ही वक्फ बोर्ड के सदस्य बन सकेंगे।
अब - कोर्ट के अनुसार, जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई उचित नियम नहीं बना लेती, तब तक वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए यह शर्त लागू नहीं होगी।
पहले - वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान किया गया था कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे। **अब** - इसपर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते हैं।

## आनंदविहार जा रही ट्रेन पर सिंभावली में पथराव

**मुरादाबाद**
न्यूजलपाईगुड़ी से चलकर मुरादाबाद होते हुए आनंदविहार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन पर सिंभावली स्टेशन के पास पथराव हो गया। (12523) सुपरफास्ट एक्सप्रेस की बोगी में सवार यात्रियों ने इसकी सूचना एक्स पर पोस्ट की। इसके बाद रेलवे कंट्रोल और आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। एक्स पर पोस्ट करते हुए यात्रियों ने लिखा कि सिंभावली के पास ट्रेन पर पथराव हुआ है। उन्होंने ट्रेन की लोकेशन और नंबर भी साझा किया। आरपीएफ ने यात्रियों से लिखित तहरीर देने की अपील की। किसी यात्री ने लिखित तहरीर नहीं दी।
आरपीएफ की टीम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की और स्थानीय लोगों से बातचीत की गई। कंपनी कंमाडर का कहना है कि इस तरह की घटना की पुष्टि नहीं हुई है। आरपीएफ मुरादाबाद मुख्यालय से भी घटना की पुष्टि न होने की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई है।

## दरोगा अभ्यर्थियों पर पटना में लाठीचार्ज, छात्र बोले- डटे रहेंगे

**पटना**
पटना में दरोगा और सिपाही भर्ती परीक्षा जल्दी कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पटना कॉलेज से पैदल मार्च निकाला। सैकड़ों अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ रहे थे। लेकिन, पुलिस ने डाक बंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग कर दिया। पुलिस ने अभ्यर्थियों को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रुके। इसी बीच कई अभ्यर्थी कोतवाली थाने के पास पहुंच गए। अभ्यर्थी आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन कोतवाली के पास पटना पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने काफी समझाया लेकिन जब वह नहीं माने तो लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटते दिखे। वहीं अभ्यर्थियों ने कहा कि हमलोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। लाठीचार्ज के दौरान एक महिला का पैर टूट गया। कई अभ्यर्थी घायल हुए हैं। इन सबके बावजूद हमलोग डटे रहेंगे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद मैनुअल 2025 को दी मंजूरी

रक्षा क्षेत्र में घरेलू बाजार की क्षमता, विशेषज्ञता योग्यता का उपयोग करना है



**नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद मैनुअल (डीपीएम) 2025 को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसका उद्देश्य राजस्व खरीद प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और तर्कसंगत बनाना है ताकि सशस्त्र बलों की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सके। यह सशस्त्र बलों के लिए उचित लागत पर आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। साथ ही तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देगा। डीपीएसयू की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके रक्षा क्षेत्र में घरेलू बाजार की क्षमता, विशेषज्ञता और योग्यता का उपयोग करना है।
रक्षा निर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।'

## डॉलर की तुलना में रुपये में मामूली तेजी

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में फ्रेश इनवेस्टमेंट करने और अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की उम्मीद में रुपये ने एक बार फिर मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के मुकाबले मामूली तेजी हासिल की, लेकिन दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में रुपये का शानदार प्रदर्शन रहा। भारतीय मुद्रा आज सिर्फ 2 पैसे उछल कर 88.10 रुपये (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.12 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ की थी। भारतीय मुद्रा ने सुबह डॉलर के मुकाबले सिर्फ1 पैसे की गिरावट के साथ 88.13 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी।

## एसआईटी की जांच में वंतारा को मिली क्लीन चिट



**नई दिल्ली**
गुजरात के जामनगर में स्थित वंतारा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कई लोग वंतारा पर जानवरों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, एसआईटी ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए वंतारा को क्लीन चिट दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता में बनी एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश की है। एसआईटी ने वंतारा में अनुपालन और नियामक के तरीकों पर संतोष व्यक्त किया है।

एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट
एसआईटी ने शुक्रवार को ही अपनी रिपोर्ट अदालत में जमा कर दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार यानी आज इस रिपोर्ट का अवलोकन किया। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस पीबी वार्ले ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड्स में शामिल करते हुए बताया कि जांच टीम ने वंतारा को क्लीन चिट दे दी है।

आरोप लगाए गए थे कि वंतारा में कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है

**वंतारा पर लगे थे ये आरोप**
यह रिपोर्ट शुक्रवार को पेश की गई थी और सर्वोच्च अदालत ने सोमवार को इसका अध्ययन किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी।

## डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत की मौत के मामले में एक्शन शुरू



**नई दिल्ली**
दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से हुई वित्त मंत्रालय के उपसचिव नवजोत सिंह की मौत के मामले में आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। बताया गया कि गुरुग्राम निवासी आरोपी महिला गगनप्रीत को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। बता दें कि दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने मोटरसाइकिल सवार दंपती को टक्कर मार दी थी। मोटरसाइकिल पर वित्त मंत्रालय में तैनात उपसचिव नवजोत सिंह अपनी पत्नी के साथ जनकपुरी स्थित अपने घर लौट रहे थे। इस हादसे में नवजोत सिंह की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। डॉक्टर शकुंतला ने बताया कि 14 सितंबर दोपहर 2 बजे गगनप्रीत कौर और उसके पति परीक्षित यहां एक महिला और उसके पति को सड़क हादसे में घायल होने के बाद लेकर आए।
जिसमें घायल व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जिसकी पहचान नवजोत सिंह के रूप में हुई थी।
नवजीत की पत्नी संदीप कौर की हालत गंभीर देख उन्हें रेफर कर दिया गया। वहीं, गगनप्रीत और उसके पति को भी चोट लगी थी। जिनका इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों को आज पुलिस अपने साथ लेकर गई है।

## अगर भारत एशिया कप में नहीं खेलता है, तो भारत बाहर हो जाएगा: रिजिजू

**नई दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में एशिया कप के दौरान हुए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। जीत के बाद भारत के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के अपने समकक्षों से पारंपरिक हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इस बीच सरकार ने एक बार फिर बताया है कि आखिर क्यों एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला तय कार्यक्रम के हिसाब से हुआ। दरअसल, शिवसेना-कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने मैच का बहिष्कार करने का आह्वान किया था और मैच की अनुमति देने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की थी।

## भारत ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया: भागवत



जहां भी गए ज्ञान दिया,सभ्यता दी और शास्त्र सिखाए: मोहन भागवत

**नई दिल्ली**
सरसंघचालक मोहन भागत ने मध्य प्रदेश के इंदौर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया। मोहन भागवत ने कहा कि हमने कभी भी किसी देश पर व्यापार का दबाव नहीं डाला। मोहन भागवत ने कहा कि जहां भी गए वहां पर ज्ञान और सभ्यता ही सिखाई।
दरअसल इंदौर में नर्मदा परिक्रमा पर लिखी प्रह्लाद पटेल की पुस्तक के विमोचन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमने विश्व का नेतृत्व किया। लेकिन किसी भी देश पर विजय प्राप्त नहीं की। हमने किसी को बदला नहीं और ना किसी का धर्मांतरण कराया।

**'हमने सभ्यता और ज्ञान को परोसा'**
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने अपने भाषण के दौरान गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत जब विश्वगुरू था, तब हजारों वर्षों तक न तो कोई कलह हुई और न ही पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा। उन्होंने कहा उस वक्त तकनीकी प्रगति के साथ-साथ मानव जीवन सुखी और समृद्ध था। आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने वर्तमान समय में दुनिया के अलग-अलग देशों में चल रहे युद्ध जैसे हालातों को लेकर कहा कि हमने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया, किसी पर भी व्यापार के लिए दबाव नहीं डाला।

## रामपुर में फायरिंग...हंगामा: गुरुद्वारे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने




**बिलासपुर (रामपुर)**
**बिलासपुर** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसियापुर स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह नवाबगंज में सोमवार को जमकर हंगामा हो गया। दो पक्षों के बीच गुरुद्वारे पर कब्जे को नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि कई राउंड फायरिंग के साथ लाठी-डंडे भी चले। इसमें कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ट्रस्टी सतनाम कौर पक्ष के लोग गुरुद्वारे पहुंचे और वहां पहले से सेवा कर रहे बाबा गुरमीत सिंह पक्ष के लोगों को बाहर करने की कोशिश करने लगे। विरोध होने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान कई राउंड फायरिंग भी हो गई। लाठी-डंडे चलने से निर्मल सिंह, मंगा सिंह, बाबा राम सिंह और गुरमेल सिंह घायल हो गए। एसडीएम अरुण कुमार, सीओ रविंद्र प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## टिप्पणी: हर थाने का स्वतंत्र निरीक्षण जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के ठीक से काम न करने के मुद्दे पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने साफ कहा कि यह "ओवरसाइट" यानी निगरानी की कमी का मामला है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम आदेश 26 सितंबर को दिया जाएगा।
पीठ ने कहा कि निगरानी का सबसे कारगर तरीका यही है कि एक ऐसा कंट्रोल रूम बने जिसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप न हो। वहां सभी कैमरों की फीड पहुंचे और अगर कोई कैमरा बंद होता है तो तुरंत उसका अलर्ट मिल सके। अदालत ने कहा कि अन्यथा इस समस्या का कोई समाधान नहीं है।

**हर थाने का स्वतंत्र निरीक्षण जरूरी**
न्यायालय ने सुझाव दिया कि शुरूआती स्तर पर सभी पुलिस थानों का स्वतंत्र एजेंसी से निरीक्षण कराया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि इस काम में किसी आईआईटी को शामिल कर सॉफ्टवेयर विकसित कराया जा सकता है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से निगरानी हो और कैमरा बंद होने पर तुरंत रिपोर्ट तैयार हो।
अदालत ने कहा कि यदि कोई कैमरा बंद होता है तो उसकी रिपोर्ट कानूनी सेवा प्राधिकरण या निगरानी एजेंसी को तुरंत मिलनी चाहिए।



# पीएम ने कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

## कॉन्फ्रेंस सेना की पूर्वी कमान के हेडक्वार्टर फोर्ट विलियम कोलकाता में 15 से 17 सितंबर तक होगा

**कोलकाता**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में 16वीं कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। कॉन्फ्रेंस सेना की पूर्वी कमान के हेडक्वार्टर फोर्ट विलियम कोलकाता में 15 से 17 सितंबर तक होगा। इस साल की थीम- 'ईयर ऑफ रिफॉर्म्स - भविष्य के लिए ट्रांसफॉर्मेशन' है। इस साल कॉन्फ्रेंस का 16वां संस्करण है। यह सेना का सबसे बड़ा विचार-विमर्श का मंच है। इसमें सेना के अधिकारी और सरकार के मंत्री देश की सुरक्षा और रणनीति पर चर्चा करते हैं। तीनों सेनाओं के प्रमुख इसमें शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, ठरअ अजित डोभाल, उउ्र जनरल अनिल चौहान और मंत्रालयों के सीनियर अधिकारी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। पीएम मोदी रविवार शाम कोलकाता पहुंचे थे। पिछले एक महीने में यह उनका दूसरा बंगाल दौरा है। संयुक्त कमांडर्स कॉन्फ्रेंस भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना का सबसे बड़ा रणनीतिक मंच है। इसमें देश की तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी और केंद्र सरकार के बड़े मंत्री मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा नीतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करते हैं। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य सेना और सरकार के मंत्रियों को एक साथ लाकर रक्षा से जुड़ी चुनौतियों, आधुनिकीकरण, नई तकनीक और भविष्य की युद्ध-तैयारी पर विचार करना होता है। यह कॉन्फ्रेंस देश की सुरक्षा नीति बनाने में अहम भूमिका निभाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता दौरे पर थे। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 13.62 किलोमीटर लंबे तीन नए रूट का उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले 6 लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी।



## टीएमसी का मंत्री शिक्षक भर्ती में आज तक जेल में है: पीएम

पीएम ने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रधानमंत्री जेल चला जाए तो उसके लिए कानून नहीं है। हालत तो देखिए आजकल ये लोग इतने गिरे हैं कि जेल से भी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। टीएमसी का मंत्री शिक्षक भर्ती में आज तक जेल में है, तब भी वो कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। ळटउ के एक और मंत्री पर गरीबों के राशन लूटने का आरोप है।

ये भी जेल जाने के बाद कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। सीएम तक जेल से सरकार चलाते हैं। ये संविधान और लोकतंत्र का अपमान है।

## बंगाल को नई रोशनी की जरूरत है: पीएम मोदी



पीएम ने कहा कि बंगाल को नई रोशनी की जरूरत है। यहां आजादी के बाद पहले कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का लंबा दौरा देखा है। आज क्राइम और करप्शन टीएमसी सरकार की पहचान बन गई। बंगाल कह रहा है टीएमसी जाएगी तभी असली बदलाव आएगा। बंगाल को सत्ता परिवर्तन चाहिए, ऐसा परिवर्तन जहां सुशासन होगा। ये परिवर्तन सिर्फ भाजपा ला सकती है। टीएमसी विकास की दुश्मन है। टीएमसी सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़ने से इनकार कर दिया। टीएमसी का मिशन भाजपा को रोकना है।

**ऑपरेशन सिंदूर:** ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने सीमा पार आतंकियों और आतंक के आकाओं के अड्डों को खंडहर में बदल दिया। ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान की आज भी नींद उड़ी हुई है। सेना को ताकत देने में बंगाल का बहुत योगदान है। गुलामी के दौर में इच्छापुर में डिफेंस मेन्युफैक्करिंग का काम शुरू हुआ। कांग्रेस सरकार ने इस इंडस्ट्री को बर्बाद कर दिया। सेना को विदेश पर निर्भर कर दिया।

**घुसपैठ:** भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है। जो लोग हमारे युवाओं को रोजगार छीन रहे हैं, इन्फ्रास्ट्रक्कर पर दबाव बना रहे हैं, बहन-बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं ऐसे घुसपैठियों को भारत में रहने नहीं देंगे।

**एंटी करप्शन बिल:** सरकार लोकसभा में एंटी करप्शन बिल लाई है। हमारे देश में किसी भी कर्मचारी को यदि पुलिस पकड़कर जेल में डालती है तो उसकी नौकरी चली जाती है।

## सम्मेलन का विषय है - सुधारों का वर्ष भविष्य के लिए रूपांतरण



रक्षा अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर सीमापार आतंक ढांचे को ध्वस्त करने के लिए की गई एक दंडात्मक और लक्षित सैन्य कार्रवाई थी। इस अभियान ने त्रि-सेनाओं की सटीकता, पेशेवर क्षमता और सुनियोजित रणनीति का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और थल, वायु और नौसेना प्रमुख भी शामिल हुए। इस मंच को सशस्त्र बलों का सर्वोच्च मंथन स्थल माना जाता है, जहां सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व सामरिक, संस्थागत और परिचालन प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करता है। इस वर्ष सम्मेलन का विषय है - सुधारों का वर्ष भविष्य के लिए रूपांतरण। 16वें संस्करण का मुख्य फोकस सशस्त्र बलों में सुधार, परिवर्तन, तकनीकी आधुनिकीकरण और बहु-क्षेत्रीय तैयारियों को सुदृढ़ करना है। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह बैठक सेनाओं की गहरी एकीकरण प्रक्रिया और उच्चस्तरीय ऑपरेशनल तत्परता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी असम से कोलकाता पहुंचे और राजभवन में रात बिताने के बाद सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे विजय दुर्ग पहुंचे। वह दोपहर बाद बिहार के पूर्णिया रवाना होंगे। यह पिछले पांच महीनों में प्रधानमंत्री का चौथा बंगाल दौरा है और एक माह के भीतर दूसरा।

## उत्तराखंड के छह जिलों में बारिश का ऑरेंज और अन्य जिलों में येलो अलर्ट

**देहरादून**
मौसम विज्ञान ने सोमवार को भी राज्य के देहरादून, बागेश्वर, चम्पावत, उधमसिंहनगर, पिथौरागढ़ व नैनीताल जिलों में भारी से बहुत बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य शेष जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। स्थानीय मौसम विभाग केंद्र के अनुसार राज्य में 20 सितंबर तक तेज दौर की बारिश के आसार हैं। बारिश की चेतावनी को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून काल में क्षतिग्रस्त सड़कों पर यातायात के लायक दुरूस्तीकरण शुरू करने के साथ अन्य सेवाएं जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए हैं।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री को धामी ने दी विदाई

देहरादून
मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम अपना उत्तराखंड का चार दिवसीय प्रवास पूरा कर आज स्वदेश लौट गये हैं। उत्तराखंड से प्रस्थान से पूर्व जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनसे मुलाकात कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें चारधाम का पावन प्रसाद व प्रदेश के अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद स्मृति स्वरूप भेंट किए। इस मौके पर मॉरीशस केप्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम ने उत्तराखंड की आतिथ्य परंपरा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यह यात्रा निश्चित ही भारत और मॉरीशस के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ करेगी।

## शिमला के कोटखाई में पिकअप वाहन खाई में गिरा, चार की मौत

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को शिमला जिले के कोटखाई थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके में लिंक रोड पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।

## बांध निर्माण से नहीं सुलझेगा जल संकट, जनभागीदारी से निकलेगा समाधान: पाटिल

**नई दिल्ली**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि भारत को अपनी जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केवल बांध निर्माण पर निर्भर रहने के बजाय जल संचयन और जन भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पाटिल ने यह बात यहां आयोजित पाञ्चजन्य आधार इंफ्रा कॉन्फ्लुएंस 2025 में कही, जिसकी थीम नीति, नवान्वेषण, क्रियान्वयन थी। पाटिल ने कहा कि भारत में औसतन 4020 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) वर्षा जल उपलब्ध होता है, जबकि देश की वार्षिक जल आवश्यकता लगभग



1220 बीसीएम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की अनुमानित जल आवश्यकता लगभग 1180 बीसीएम होगी। इस लक्ष्य की पूर्ति और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जल संचयन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 सितम्बर 2024 को सूरत से वर्चुअल संबोधन में इस बात पर बल दिया था कि जल संचयन केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि इसे जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है।

## झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद खत्म, जल्द ही पूरे देश को भी मिलेगी मुक्ति: शाह

**नई दिल्ली**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग जिले में नक्सल विरोधी अभियान में नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन उर्फ परवेश समेत तीन नक्सलियों के मारे जाने को बड़ी कामयाबी बताया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा। शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज हजारीबाग में



सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। इस अभियान में 1 करोड़ रुपये का इनामी कुख्यात नक्सली कमांडर सीसीएम सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया है। साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बिरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया।

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

## सीतारमण ने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया



### तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की एक रिपोर्ट जारी की। इसके अलावा उन्होंने नीति आयोग की ओर से निर्मित फ्रंटियर टेक रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने ऐसे नियामक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया, जो तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण के साथ केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। नीति आयोग की यह रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता: त्वरित आर्थिक विकास का अवसर' विषय पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके जिम्मेदार अनुप्रयोग को भी सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि एआई तेजी से प्रगति करने वाली, वास्तविक समय वाली, गतिशील चीज। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की भी अपनी चुनौतियां हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अनुमान दर्शाते हैं कि जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं सृजित करेगा, वहीं दूसरी ओर विशेष रूप से लिपिकीय, नियमित और निम्न-कौशल वाले क्षेत्रों में कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित करेगा।

## अगस्त महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी घटी: सियाम

**नई दिल्ली**
अगस्त महीने में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री (डीलरों को भेजी गई) सालाना आधार पर लगभग 9 फीसदी घटकर 3,21,840 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,52,921 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि संख्या में गिरावट की मुख?य वजह यात्री वाहन निमार्ताओं के डिस्पैच पुनर्निर्धारण के कारण हुई। हालांकि, अगस्त महीने के दौरान कुल दोपहिया



वाहनों की डिस्पैच साल फीसदी बढ़कर 18,33,921 इकाई हो गई, जबकि अगस्त 2024 में यह 17,11,662 इकाई थी। इस अवधि में मोटरसाइकिलों की बिक्री 4.3 फीसदी बढ़कर 11,06,638 इकाई हो गई (अगस्त, 2024 में 10,60,866 इकाई के मुकाबले), स्कूटरों की बिक्री करीब 13 फीसदी बढ़कर 6,83,397 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 6,06,250 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि ग्राहकों ने जीएसटी दर में कटौती और वाहनों की कीमतों में कमी की उम्मीद में खरीदारी स्थगित कर दी है, जिसकी वजह से अगस्त की मांग में गिरावट आई। मेनन ने कहा कि वाहनों पर जीएसटी दरें कम करने के सरकार के फैसले से आगामी त्योहारी सत्र में मांग बढ़ेगी।

## आयकर विभाग ने आईटीआर की समय सीमा बढ़ाने की खबरों को बताया अफवाह

**नई दिल्ली**
आयकर विभाग ने सोमवार को स्पष्ट किया कि आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। विभाग ने ये भी कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के विपरीत उसने आईटीआर भरने की अंतिम तारीख को आगे नहीं बढ़ाया है। आयकर विभाग ने जारी एक बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर एक फर्जी खबर चल रही है, जिसमें कहा गया है कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर को आगे बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। विभाग ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक अपडेट पर ही भरोसा करें। आईटीआर दाखिल करने, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं में करदाताओं की सहायता के लिए हमारा हेल्पडेस्क 24ृ7 आधार पर काम कर रहा है और हम कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सेशन और ट्विटर/एक्स के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## हिमाचल: भूस्खलन से 598 सड़कें, तीन नेशनल हाइवे बंद, कांगड़ा में मलबे की चपेट में आया प्रवासी

**शिमला**
हमाचल प्रदेश में भारी बारिश कहर बरपा रही है। सोमवार तड़के कांगड़ा जिला के जवाली क्षेत्र में अस्पताल के पास भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें एक प्रवासी परिवार मलबे में दब गया। इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने सोमवार दोपहर तक कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शिमला, सोलन, कुल्लू, चंबा व सिरमौर में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 सितंबर को कई स्थानों पर अंधड़ और बिजली गिरने के साथ बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। 17 से 21 सितंबर तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है, हालांकि इस दौरान कोई अलर्ट नहीं होगा। बीती रात से सुबह तक सबसे अधिक 56 मिलीमीटर बारिश मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में दर्ज की गई। पालमपुर में 48, पंडोह में 40 और कांगड़ा में 34 मिलीमीटर वर्षा हुई है। भारी वर्षा के चलते प्रदेशभर में यातायात और बिजली-पानी की व्यवस्था चरमराई हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे और कुल 598 सड़कें बंद हैं। इनमें कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 सहित 172 सड़कें, मंडी में 201, शिमला में 57, कांगड़ा में 46, चंबा में 29, सिरमौर में 21, बिलासपुर में 18 और ऊना जिले में एनएच-503ए व 20 सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा राज्य में 500 बिजली ट्रांसफार्मर और 184 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं।



मंडी में सबसे अधिक 314 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं जबकि शिमला में 49 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। मॉनसून की तबाही का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 404 लोगों की मौत हो चुकी है, 462 लोग घायल हुए हैं और 41 लोग लापता हैं। जिला स्तर पर सबसे अधिक 61 मौतें मंडी में हुई हैं। कांगड़ा में 55, चंबा में 50, कुल्लू में 44 और शिमला में 43 लोगों की जान गई है। भारी बारिश और आपदा से 1,440 मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं जबकि 6,007 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 485 दुकानें और 6,036 गौशालाएं भी ढह चुकी हैं। पशुधन को भी भारी नुकसान हुआ है। अब तक 2,094 पशुओं और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत दर्ज की गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार इस मॉनसून सीजन में हिमाचल प्रदेश को सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान के रूप में 4,489 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। लोक निर्माण विभाग को सड़कों और पुलों के टूटने से सबसे अधिक नुकसान हुआ है। अब तक राज्यभर में 140 भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 46 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में हिमाचल के आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर चुके हैं।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली**
घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,060 रुपये से लेकर 1,11,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये से लेकर 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,32,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,11,210 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

दिल्ली में प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए डस्ट लिटिगेशन प्रोग्राम लागू किया गया है और हाईराइज बिल्डिंग्स पर स्मोक को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं: रेखा गुप्ता

# वर्ष 2026 के अंत तक दिल्ली की सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगी: सीएम

**10 नमो वन विकसित किए जाएंगे, हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा**






**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2026 के अंत तक राष्ट्रीय राजधानी की सभी बसें इलेक्ट्रिक हो जाएंगी। हर बस डिपो में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन भी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में 10 नमो वन विकसित किए जाएंगे, जहां हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यहां एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए डस्ट लिटिगेशन प्रोग्राम लागू किया गया है और हाईराइज बिल्डिंग्स पर स्मोक को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य एवं शिक्षाविद् मुकुल कानिटकर, पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर समेत कई प्रमुख गण्यमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में 1200 आरोग्य मंदिर बनाए जा रहे हैं, जहां सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पराली को खत्म करने की

**दिल्ली में प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए डस्ट लिटिगेशन प्रोग्राम लागू किया गया**

दवा बनाने का केवल प्रचार किया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यहां तक कि मेडिकल स्टाफ को भी दिहाड़ी मजदूर की तरह छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र सरकार की देन है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जितना धन्यवाद दिया जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की 2.5 करोड़ आबादी में 700 झुग्गी क्लस्टर और 180 अनधिकृत कॉलोनियां हैं, जिन्हें व्यवस्थित करने की दिशा में काम हो रहा है। साथ ही दिल्ली को आईटी, पर्यटन और शिक्षा का हब बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की ताकत उसकी संस्कृति और विविधता है, लेकिन कमजोरी यह है कि लोग इसे अपना घर मानकर जिम्मेदारी नहीं निभाते।

## मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिव्यांगों और बुजुर्गों को 64.66 करोड़ का खास गिफ्ट

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़े में दिल्ली सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों को भी खास तोहफा देगी। कॉलेज जाने वाली दृष्टिबाधित छात्राओं को अटल दृष्टि छात्रावास, बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को अटल आशा गृह और बुजुर्गों को सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह मिलेंगे। कुल 64.66 करोड़ रुपये की लागत से बने ये केंद्र विशेष वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर और सम्मान से जीने के अवसर देंगे।

**अमित शाह करेंगे शुभारंभ उद्घाटन**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह त्यागराज स्टेडियम से इनका शुभारंभ उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने रविवार को बताया कि उनकी सरकार असहाय वर्ग के लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए काम कर रही है। किसी भी वर्ग को सुविधाएं देने से सरकारी पीछे नहीं हटेगी। तिमारपुर में डीयू के पास 13.42 करोड़ रुपये की लागत से दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए चार मंजिला छात्रावास बनाया गया है। करीब 3703.43 वर्गमीटर में बने इस भवन में 96 छात्राओं के रहने की जगह है। इसे छात्राओं की सुविधा के लिहाज से डिजाइन किया गया है, उसी के अनुरूप सहायक सुविधाएं लगाई गई हैं।

पश्चिम विहार में 10.64 करोड़ रुपये से 2257 वर्गमीटर में चार मंजिला सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह बनाया गया है। इसमें 96 बुजुर्गों के लिए रहने का इंतजाम है।

## एनएसयूआई उम्मीदवारों के समर्थन में सचिन पायलट नॉर्थ कैंपस पहुंचे



**यह दौरा एनएसयूआई पैनल के विस्तृत जनसंपर्क अभियान का हिस्सा है**

**नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ(डीयूएसयू) के चुनावों में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के नॉर्थ कैंपस के कई कॉलेजों का सोमवार को दौरा करने से छात्र राजनीति गरमा गयी है। पायलट ने पार्टी की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के उम्मीदवारों के समर्थन में मिरांडा हाउस, कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी) और हिन्दू कॉलेज में छात्रों से मुलाकात की। उनके साथ एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी मौजूद थे। पायलट ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश के सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में से एक है और यहां के छात्र बदलाव के लिए तैयार हैं। पायलट ने विश्वास जताया कि एनएसयूआई के चारों उम्मीदवार छात्रों के समर्थन और भरोसे से निश्चित रूप से जीत हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह दौरा एनएसयूआई पैनल के विस्तृत जनसंपर्क अभियान का हिस्सा है। इस दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि संगठन का लक्ष्य विश्वविद्यालय परिसर में एक समावेशी, प्रगतिशील और छात्रों के अनुकूल माहौल तैयार करना है जिससे डीयू में छात्र राजनीति और मजबूत हो।

## यमुना में मिलाकर बहाया जा रहा घरेलू और औद्योगिक कचरा

**नई दिल्ली**

हाईकोर्ट ने यमुना नदी के प्रदूषण को रोकने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) और कॉमन एंफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा कि दिल्ली में घरेलू सीवेज और औद्योगिक कचरे का मिश्रण हो रहा है। ज्यादातर इंडस्ट्रीज बिना ट्रीटमेंट के कचरा नालों में डाल रहे जिससे उपचारित पानी के



साथ मिलकर यमुना में बह रहा है। इससे ट्रीटमेंट का पूरा उद्देश्य बेकार हो जाता है। विपरीत बताते हुए कहा कि बिना ब्लेम गेम के तीन मुख्य पहलुओं पर व्यापक कदम उठाने की जरूरत है

## धौला कुआं हादसा: बीएमडब्ल्यू हादसे में पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली**

दिल्ली के धौला कुआं इलाके में रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय के उप सचिव नवजोत सिंह की मौत हो गई। हादसे के समय नवजोत बाइक से घर जा रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी संदीप कौर भी उनके साथ थीं। उन्हें भी इस घटना में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार चालक आरोपित महिला गगन प्रीत को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार अभी तक की जांच में पता चला है कि नवजोत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे

**हादसे के समय नवजोत बाइक से घर जा रहे थे। पत्नी संदीप भी साथ थीं**

लेकिन तभी एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं अब इस हादसे का एक वीडियो सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय



बीएमडब्ल्यू कार को एक महिला चला रही थी और उसका पति भी साथ था। इस हादसे के बाद नवजोत और उनकी पत्नी को 22 किलोमीटर दूर जीटीबी नगर स्थित न्यूलाइफ अस्पताल ले जाया गया। यहां नवजोत सिंह ने दम तोड़ दिया। नवजोत के परिजनों ने कई सवाल उठाए थे और आरोपित कार चालक पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं नवजोत सिंह की मां ने रोते हुए कहा, "मेरा बच्चा चला गया, बहुत नाइंसाफी हुई है मेरे बच्चे के साथ। मेरी बहू भी अस्पताल में है।" उन्होंने बताया कि हादसे के बाद उनकी बहू बेहोश हो गई थी और जब उसे होश आया तो उसने खुद को अस्पताल में पाया और उसने ही हमें सूचना दी है। नवजोत की 21 साल पहले संदीप कौर से शादी हुई थी। दो सितंबर को ही दोनों की शादी की सालगिरह थी और दोनों ने अपने बेटे के साथ मिलकर सालगिरह मनाई थी, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि 13 दिन बाद उनके परिवार की ये खुशियां मातम में तब्दील हो जाएंगी। 16 सितंबर को नवजोत और संदीप कौर के इकलौते बेटे नवनूर सिंह का बर्थडे भी है, लेकिन इससे पहले ही उनके घर में इतना बड़ा हादसा हो गया। उनके पिता को घटनास्थल से 22 किलोमीटर दूर न्यू लाइफ अस्पताल ले जाया गया, जबकि पास में एम्स और सफदरजंग अस्पताल भी था। ऐसे में परिजन का कहना है कि अगर नवजोत को नजदीकी अस्पताल ले जाया जाता तो उनकी जान बच सकती थी। नवजोत सिंह की पत्नी संदीप ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि वह बार-बार नजदीकी अस्पताल ले जाने के लिए कह भी रही थीं, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई।

## करण जौहर ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए हाई कोर्ट का रुख किया

**गरिमा के साथ जीने के अधिकार भी प्रभावित होते हैं: करण जौहर**




**नई दिल्ली**

फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय के बाद अब फिल्म निमार्ता करण जौहर ने भी दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर बिना उनकी अनुमति के उनके फोटो, आवाज और अन्य व्यक्तिगत प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं करने की मांग की है। इसके पहले उच्च न्यायालय अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को उनके नाम, आवाज और तस्वीरों के साथ उनकी व्यक्तिगत चीजों के अनधिकृत रुप से इस्तेमाल करने पर रोक लगा दिया था। उच्च न्यायालय ने अभिषेक बच्चन की याचिका पर सनवाई करते हुए कहा था कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व से संबंधित किसी भी प्रतीक का इस्तेमाल उसके निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इससे उसकी गरिमा के साथ जीने के अधिकार भी प्रभावित होते हैं।

## 45 लाख के गहने पर हाथ साफ करने वाला बदमाश दबोचा

**ज्वेलर की कार से 45 लाख की चोरी आकाश नामक बदमाश गिरफ्तार**




**नई दिल्ली**

बाहरी दिल्ली के केशवपुरम थाना क्षेत्र में करनाल के एक ज्वेलर की कार से 45 लाख रुपये के गहने चुराने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच सोने के सेट, एक हीरे का सेट और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। आरोपित की पहचान आकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से पांच सोने के सेट, एक हीरे का सेट और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है।

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 28 अगस्त की रात करनाल हरियाणा के रहने वाले ज्वेलर ने केशवपुरम थाने में चोरी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह अपनी कार से करोलबाग से 45 लाख रुपये के गहने लेकर करनाल जा रहा था। केशवपुरम इलाके में जब उनकी कार जाम में फंसी थी तभी एक बदमाश शीशे तोड़ने के बाद कार में रखे गहने के बैग को लेकर भाग गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

### दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली**

दिल्ली में पुरानी चली आ रही रंजिश के चलते हर्ष विहार थाना क्षेत्र में गाली मारकर दो युवकों की हत्या में शामिल कुख्यात बदमाश को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मंडोली के देव प्रताप सिंह उर्फ देवा के रूप में हुई है, जिसने अपने चार साथियों चेतन्य तोमर उर्फ ताशु, प्रदीप भाटी, सुमित और प्रमोद के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उसके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है। पुलिस ने मामले में चेतन्य, प्रदीप और प्रमोद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि सुमित अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

उपायुक्त पंकज कुमार सिंह के मुताबिक, पांच सितंबर को सी-ब्लाक, प्रताप नगर में हुई गोलीबारी में सुधीर उर्फ बंटी और राधे प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जिसमें पता चला कि 29 अगस्त को मृतकों का आरोपित प्रदीप और प्रमोद के बीच विवाद हुआ था।

## चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) की बीट संख्या 12 में जलीय और प्रवासी पक्षियों में 1 सितंबर के बाद एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस से कोई नहीं मरा है। एनआईएचएसएडी, भोपाल की जांच के अनुसार, बीट क्रमांक 19 और 20 की पक्षीशाला में मरे चार वृद्ध पक्षियों (एक रेड जंगल फाउल, दो जेबरा फिंच और एक बुडगेरिगर) में एच5एन1 वायरस की मौजूदगी नहीं पाई गई। चिड़ियाघर में अब तक किसी भी स्तनधारी में भी फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है।

## एआई से बनाई छात्रा की अश्लील फोटो, पड़ोसी करने लगा ब्लैकमेल

**नई दिल्ली**

करीब पांच बार में आरोपी ने पीड़िता से 48 हजार रुपये वसूले। अब वह छात्रा को घर बुलाने का दबाव बनाने लगा। घर से पैसे गायब होने पर परिजनों ने छात्रा से पूछा तो उसने हकीकत बयां कर दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता एक सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि उसने अपने मां के मोबाइल फोन में इंस्टाग्राम आईडी बनाई हुई है। 3-4 महीने पहले उसकी इंस्टाग्राम के जरिये पड़ोसी लड़के से दोस्ती हुई थी। दोनों इंस्टा पर चैट करने लगे। आरोपी ने छात्रा को गर्लफ्रेंड बनने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इस आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसकी अश्लील फोटो एआई की मदद से बनाई और उसे भेज दी।

## हुमायूं का मकबरा विश्व धरोहर स्थल संग्रहालय में शिल्प दुकान का उद्घाटन

**नई दिल्ली**

हुमायूं का मकबरा विश्व धरोहर स्थल संग्रहालय में रविवार को विशेष शिल्प दुकान का उद्घाटन हुआ। इस दुकान का उद्घाटन केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव आईएएस विवेक अग्रवाल ने किया। यह पहल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर (एकेसीटी) के बीच 25 वर्षों से अधिक के सहयोग का परिणाम है।

## बेटे की मौत से मचा कोहराम, तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में मारी थी टक्कर

**द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्कूटी सवार की मौत तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर**




**नई दिल्ली**

पश्चिमी दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेसवे पर हुए एक हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। सेक्टर 23 थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डीडीयू पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरें में हादसा कैद हो गया। फिलहाल पुलिस ट्रक ड्राइवर की पहचान कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 25 वर्षीय नितिन कुमार अपने परिवार के साथ आर ब्लााक मंगोलपुरी इलाके में रहते थे। नितिन कुमार 12 सितंबर की सुबह करीब 6.40 बजे बिजवासन से नजफगढ़ जाने वाले फ्लाईओवर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान फ्लाईओवर से करीब सौ मीटर पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने नितिन की स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद नितिन सड़क पर गिर गए और ट्रक चालक उनके ऊपर से ट्रक चढ़ाकर फरार हो गया। जिसके चलते नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे लोगों ने घायल को सड़क पर पड़ा देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी।

## पीना तो दूर, नहाने लायक भी नहीं आ रहा पानी, लोगों ने बयां किया दर्द

**नई दिल्ली**

दिल्ली में पीने के लिए तो बोतलबंद पानी खरीदकर इंतजाम हो जाता है, लेकिन नहाने व कपड़े धोने के लिए पानी का इंतजाम कैसे किया जाए। जो पानी अभी नलों में आ रहा है, वह इस्तेमाल योग्य नहीं है। अक्षरधाम अपार्टमेंट निवासी हर्षित गुप्ता ने एक उपाय निकाला। पानी की टंकी में क्लोरीन की कुछ गोलियां डाली जाती है। जब वह पानी नलों से बाहर निकलता है तो उसमें डिटाल की बूंदें डाली जाती हैं और अब इस पानी से लोग नहाते हैं। नहाते समय मुंह पूरा बंद रखा जाता है ताकि दूषित पानी मुंह में न चला जाए। लेकिन छोटे बच्चों का क्या किया जाए। तो उन्हें



बोतलबंद पानी से ही कम पानी में नहला दिया जाता है। लेकिन कब तक... यह सवाल अक्षरधाम अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के सब्र की परीक्षा ले रहा है। सेक्टर-19 स्थित अक्षरधाम अपार्टमेंट के लोग मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए। इनमें से कईयों के पास हास्पिटल की ओपीडी पर्ची थी। दूषित पानी से लोग यहां बीमार पड़ने लगे हैं। छोटे बच्चे पर इसका सबसे अधिक असर देखा जा रहा है। बुजुर्गों पर भी असर है। लोगों का कहना है कि दूषित जलापूर्ति की समस्या के समाधान को लेकर दिल्ली जल बोर्ड गंभीरता नहीं दिखा रहा है। मटियाला क्षेत्र के विधायक

**पानी में डाली जा रही क्लोरीन की गोलियां दूषित जल से बीमारियाँ बढ़ रही हैं**

यहां आए, लेकिन नतीजा सिफर है। जल बोर्ड के मुख्य अभियंता भी उनके साथ आए, लेकिन नतीजा सिफर ही है। दूषित जलापूर्ति जारी है।

**लोग स्वजन को भेज रहे बाहर**

सोसाइटी के कई लोगों ने अपने परिवार के कुछ सदस्यों को नजदीकी स्वजन के यहां भेज दिया है। लेकिन आखिर कब तक ऐसा किया जाता रहेगा। हर चीज की एक सीमा होती है। जिनके स्वजन आसपास नहीं हैं, वे कहां जाएंगे। वे तो इसी दूषित पानी का किसी तरह से सबकुछ जानते हुए भी इस्तेमाल करने को विवश हैं। दिल्ल जल बोर्ड, नगर निगम, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, आखिर कौन इस समस्या के लिए जिम्मेदार है, यह किसी को नहीं पता है।

लेकिन हर विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। आक्रोशित लोग अब नारेबाजी कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नारेबाजी का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों व सक्षम विभागीय अधिकारियों तक अपनी आवाज उठाकर उन्हें संवेदनशील बनाना है।

## दिल्ली एयरपोर्ट का उन्नत टी-2 टर्मिनल तैयार, 26 अक्टूबर से शुरू होगा

**इंडिगो की करीब 120 दैनिक घरेलू उड़ानें उन्नत टर्मिनल-2 पर स्थानांतरित होंगी**

**नई दिल्ली**

दिल्ली एयरपोर्ट का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा, जिससे इसकी कुल वार्षिक यात्री क्षमता बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। इस साल अप्रैल में उन्नयन के लिए बंद किया गया यह टर्मिनल, यात्री-अनुकूल सुविधाओं जैसे सेल्फ-बैगेज ड्रॉप, आधुनिक छत और नवीन स्काईलाइट डिजाइन के साथ फिर से खुलेगा। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल-टी-1, टी-2 और टी-3 है। यहां से प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों का संचालन किया जाता है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 अपग्रेड होकर 26 अक्टूबर से चालू होने के लिए तैयार है। 25-26 अक्टूबर की मध्यरात्रि से एयर इंडिया और इंडिगो की करीब 120 दैनिक घरेलू उड़ानें उन्नत टर्मिनल-2 पर स्थानांतरित हो जाएंगी।



## संपादकीय

# पानी से नहीं, नीतियों से हारी ज़िंदगी

हरियाणा में 2025 की बाढ़ कोई अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा नहीं थी। यह वही त्रासदी है, जिसकी पुनरावृत्ति राज्य 1978, 1988, 1995, 2010 और हाल ही में 2023 में झेल चुका है। आंकड़े चौंकाने वाले हैं। केवल पिछले दो वर्षों में 657 करोड़ रुपये बाढ़ प्रबंधन पर खर्च किए गए, फिर भी इक्कीस जिलों के सैकड़ों गांव पानी में डूबे रहे, साढ़े चार लाख से अधिक किसानों की छब्बीस लाख एकड़ से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई, हजारों परिवार बेघर हो गए और तेरह लोगों की जान चली गई। हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर सरकारें और तंत्र क्यों एक ही गलती बार-बार दोहराते हैं और पिछले अनुभवों से सबक क्यों नहीं लेते।

बाढ़ कोई अचानक आई विपत्ति नहीं है, बल्कि एक अनुमानित और बार-बार आने वाला खतरा है। नदियों का उफान, बरसाती नालों का रुख बदलना और निकासी व्यवस्था का ध्वस्त होना ऐसी समस्याएं हैं, जो पहले से ज्ञात हैं और जिनका समाधान वर्षों से टलता आ रहा है। 2023 की बाढ़ के बाद सरकार ने बड़े दावे किए थे कि स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज सुधार, तटबंध मजबूत करने और नालों की गहराई बढ़ाने का काम प्राथमिकता पर होगा। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश योजनाएं अधूरी रहीं और जो शुरू हुईं वे भ्रष्टाचार या लापरवाही की भेंट चढ़ गईं।

इस अव्यवस्था का सबसे गहरा असर किसानों पर पड़ा है। खरीफ सीजन की धान, बाजरा और गन्ने जैसी फसलें पूरी तरह चौपट हो गईं। औसतन एक किसान को प्रति एकड़ पंद्रह से बीस हजार रुपये का नुकसान हुआ। इसके साथ ही पशुधन की मौतें, घरों के ढहने और बुनियादी ढांचे के टूटने से हालात और बिगड़ गए। उद्योग जगत भी इससे अछूता नहीं रहा। अंबाला और यमुनानगर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में कारखानों और गोदामों में पानी भर गया, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ और हजारों मजदूर रोजगार से वंचित हो गए।

इस स्थिति के पीछे प्रशासनिक लापरवाही सबसे बड़ा कारण है। हरियाणा सरकार के पास न तो गांव-स्तरीय निकासी योजना है और न ही कोई स्थायी रणनीति। मानसून से पहले नालों की सफाई करने की बजाय दिखावटी काम किए जाते हैं। कई जगह ड्रेनेज सिस्टम सालों से जाम पड़े हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नदियों और नालों का प्रवाह जस का तस है। इसके अलावा सिंचाई विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय निकायों के बीच तालमेल का अभाव स्थिति को और गंभीर बना देता है। हर विभाग अपने-अपने दायरे में काम करता है, लेकिन समन्वय के अभाव में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आता।

जल प्रबंधन विशेषज्ञों का मानना है कि बाढ़ पर काबू पाने के लिए व्यापक और दीर्घकालिक रणनीति बनाना अनिवार्य है। डॉ. शिव सिंह राठ जैसे विशेषज्ञ स्पष्ट कहते हैं कि नदियों की नियमित ड्रेजिंग, बरसाती नालों का वैज्ञानिक पुनर्निर्माण और गांव स्तर तक जल निकासी प्रणाली का निर्माण ही स्थायी समाधान दे सकता है। पर्यावरणविदों का भी यही तर्क है कि नदियों के तटों पर अनियंत्रित अतिक्रमण और अवैध निर्माण बाढ़ की विभीषिका को और बढ़ा देते हैं। जब तक नदियों को उनका प्राकृतिक बहाव नहीं लौटाया जाएगा, तब तक यह त्रासदी बार-बार लौटकर आती रहेगी।

किसानों और आम लोगों की पीड़ा आंकड़ों से कहीं ज्यादा गहरी है। हजारों परिवार महीनों तक राहत शिविरों में रहने को मजबूर हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, महिलाओं और बुजुर्गों की सेहत बिगड़ती है और मजदूर वर्ग बेरोजगारी का शिकार हो जाता है। इस बार भी छह हजार से ज्यादा गांव पानी में डूबे और करीब अट्ठाईस सौ लोग विस्थापित हुए। कल्पना कीजिए, जब इतनी बड़ी संख्या में लोग अपने घर-बार से उजड़ते हैं, तो उनकी मानसिक और सामाजिक स्थिति किस हद तक डगमगा जाती होगी।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब 2010 और 2023 जैसी बड़ी बाढ़ें आ चुकी थीं, तो 2025 में वही गलती दोहराने का औचित्य क्या था। असल कारण साफ हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने इस मुद्दे को कभी चुनावी एजेंडा नहीं बनने दिया। सरकारों का दृष्टिकोण हमेशा अल्पकालिक रहा। हर साल राहत और पुनर्वास पर खर्च होता रहा, लेकिन स्थायी संरचनाओं पर निवेश नहीं हुआ।

# नेपाल क्राइसिस एपिसोड में जीवन की बात

यकीन मानिए इस पूरे यूनिवर्स में कुछ भी अचानक नहीं होता क्योंकि जो कुछ भी होता है,उस होने या न होने के संकेत हमें मिलने लग जाते हैं परंतु हम जाने-अनजाने उन संकेतों को पहचान नहीं पाते या फिर इग्नोर करते हैं।नेपाल में जो कुछ हुआ,वह अचानक नहीं हुआ बल्कि ऐसा होने का धीरे-धीरे क्रम पनप रहा था और फिर एक दिन वह क्रम लावा बनकर फूटा।खैर,यहाँ सवाल नेपाल का नहीं है,नेपाल एक बहाना है अपनी बात कहने के लिए क्योंकि नेपाल के वर्तमान हालात से सीख ली जा सकती है।ऐसा ही कुछ पिछले दिनों बांग्लादेश में भी हुआ था,जिसकी जड़े भी काफी पहले बोई गई थी,वे धीरे-धीरे उगती गई और फिर उन्होंने कांटों का ऐसा रूप धारण किया कि बस पूछिए मत।ऐसा ही कुछ श्रीलंका में भी हुआ।यानि वह कवि/शायर बहुत अनुभवी कवि रहा होगा जिसने यह लिखा कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।जनता अपने मुद्दों की बहुत दिनों तक अनदेखी बर्दाश्त नहीं कर सकती?खैर,इससे विश्व भर के तमाम नेता कितना सबक लेते हैं,ये तो वही जाने पर यह तय मानिए कि जनता के सामने सब कुछ स्वाहा हो जाता है लेकिन फिर भी हिंसा किसी भी रूप में हो और विश्व के किसी के भी हिस्से में हो,निश्चित रूप से वह स्वीकार्य नहीं है?खैर,इस विषय पर इस विषय के विशेषज्ञ अधिक बता सकते हैं लेकिन हम नेपाल की इस घटना को जीवन में होने वाली घटनाओं से जोड़कर देखने का प्रयास करते हैं कि आजकल पारिवारिक रिश्तों में जो खटास दिखाई देती है।अक्सर हम सुनते हैं कि पता नहीं अचानक क्या हुआ?नौबत तलाक तक आ गई या नौबत दो भाइयों में अलग होने तक आ गई।प्रेम संबंधों के बारे में अक्सर सुनते हैं कि उसने मेरा दिल एकदम तोड़ दिया,अचानक पता नहीं क्या हुआ?लिव-इन के बारे में भी अक्सर यही सुना जाता है।यहाँ तक कि अक्सर यह भी देखने/सुनने को मिलता है कि अरे!उस आदमी ने अचानक ऐसे क्यों किया?फलां व्यक्ति तो अचानक पूरा ही बदल गया?वह तो ऐसा दिखता भी नहीं था पर अचानक ऐसा निकला?जीवन पथ पर चलते-चलते अचानक ऐसा कुछ घटता है कि हम अनायास ही कह उठते हैं कि अचानक ऐसे कैसे हो गया?और फिर शुरू होता है किसी का दिल टूटना,किसी का परिवार टूटना,किसी की आस,किसी का



विश्वास टूटना,किसी के सपने बिखर जाना,किसी की भावनाओं पर गहरी चोट पहुँच जाना,किसी का बिल्कुल मौन हो जाना या किसी का बहुत ज्यादा पागल हो जाना और फिर होती है टेंशन,अवसाद,अनेकों बीमारी,जिनमें रातों की नींद उड़ जाना मुख्य रूप से शामिल है,साथ ही मन को कुछ भी अच्छा न लगना आदि आदि।और इसी संदर्भ में यह कहना शायद असंगत ना हो कि कई बार तो बहुत लोग आत्महत्या तक का कदम भी उठा लेते हैं,जो कि निश्चित रूप से अनुचित है,नहीं उठाना चाहिए।तो सवाल यह है कि यह सब कुछ अचानक नहीं होता साहब!यह सब धीरे-धीरे भीतर ही भीतर पनपता रहता है धीरे-धीरे पकता रहता है और फिर इतना पनपता है कि एक दिन बहुत बड़ा आकार ले लेता है,जिसकी हमने कभी भी कल्पना ही नहीं की होती है।लेकिन यहाँ सबसे बड़ी भूल हमारी यह होती है-देखकर नजरअंदाज करने का नजरिया,,जो कि बेहद खतरनाक है।अक्सर हम कहते हैं कि भूल कर आगे बढ़ो,,,यकीन मानिए यह बात जितनी कहनी आसान है,जीवन में अपनानी उससे भी ज्यादा कठिन है क्योंकि मनुष्य के मन की स्वाभाविक क्रिया है कि वह किसी भी बात को भूलता नहीं है और परिणाम यह होता है कि जब भी वैसी बातें याद आती हैं तब कुछ ना कुछ नैगेटिव आता-जाता रहता है और फिर मुनष्य की फितरत है कि वह बातों की कड़ी जोड़ने लग पड़ता है और फिर वो तमाम चीजें स्वतः ही पनपने लग जाती हैं और फिर बड़ा बवंडर खड़ा हो जाता है।तो सवाल यह है क्या किया जाए?तो जबाब भी एकदम सीधा है कि जब भी किसी भी प्रकार के रिश्तों में या जीवन पथ पर आगे-पीछे चलते हुए कोई ऐसी बात/कारण दिखाई दे तो उसे उभरते ही दफनाने का,सुलझाने का,हल करने का सकारात्मक कार्य किया जाए और ऐसी कोई भी संभावना नहीं छोड़ी जाए ।

# नरेंद्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण: संगठन की असली ताकत

की शक्ति वहीं खिलती है, जहाँ कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं। झ यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक-संगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेंद्र मोदी ने हमेशा कार्यकताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं।

नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरूआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद, जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बनकर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। लेकिन युवा नरेंद्र मोदी की दृष्टि अलग थी। उनका मानना था – हर गाँव में शाखा होनी चाहिए। इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियाँ हुई, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों–इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता।

संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गाँव-गाँव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने हेतु प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नए युवा न केवल शिविर में पहुँचे बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गए। इसने गुजरात संघ में एक नई ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकताओं के निर्माण की भी शुरूआत हुई। मोदी कार्यकताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे। उदाहरण के लिए, 1980 के दशक की शुरूआत में राजकोट के पी.डी. मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था। नरेंद्र मोदी कार्यकताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाजा खटखटाकर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना – यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे अनेक कार्यकर्ता आज भी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं।

1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकताओं के लिए भी करना शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़े। अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे, और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रहकर बैठक में भाग लेने को कहते थे।मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नई दिशा दी। पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में बूथ जीतो रणनीति से कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया। साथ ही, मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे। परिणामस्वरूप, केवल कुछ महीनों में लाखों नए सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।। भाजपा संगठन मंत्री रहते हुए उन्होंने टिफि न बैठक जैसी पहल से कार्यकताओं और उनके परिवारों को संगठन से भावनात्मक रूप से जोड़ा। संगठन निर्माण में मोदी केवल ढाँचे और रणनीति तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बनने की शिक्षा दी। वरिष्ठ कार्यकताओं को कनिष्ठों के साथ सहयोग और जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। आलोचना पर संतुलित प्रतिक्रिया और प्रशंसा पर संयम, ये सब मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की मूल रणनीति का हिस्सा थे। नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था – संगठन की असली ताकत कार्यकताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है। मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि जड़ों को सींचा जाए, तो शाखाएँ अपने आप फलती-फूलती हैं और वृक्ष युगों तक अडिग खड़ा रहता है।

**लेखक भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव हैं। ये लेखक के निजी विचार हैं**

# पतन से प्रगति तक: पीएम मोदी कैसे गढ़ रहे हैं नया शहरी भारत ?

रोम एक दिन में नहीं बना था, वैसे ही नया शहरी भारत भी एक दिन में नहीं बनेगा। लेकिन जब हम अपने शहरों से और अधिक की अपेक्षा करते हैं, तो हमें यह भी देखना चाहिए कि हम पहले ही कितनी दूरी तय कर चुके हैं? आजादी के दशकों बाद तक, भारत के शहर एक उपेक्षित विचार थे। नेहरू की सोवियत शैली की केंद्रीकृत सोच ने हमें शास्त्री भवन और उद्योग भवन जैसे कंक्रीट के विशाल भवन दिए, जो 1990 के दशक तक ही ढहने लगे थे और सेवा के बजाय नौकरशाही के स्मारक बनकर रह गए।

2010 के दशक तक दिल्ली की हालत बहुत खराब थी। सड़कों पर गड्ढे थे, सरकारी इमारतें पुरानी, बदरंग और टपकती छतों वाली थीं और एनसीआर की बाहरी सड़कों पर हमेशा जाम लगा रहता था। एक्सप्रेसवे बहुत कम थे, मेट्रो कुछ ही शहरों तक सीमित थी और बुनियादी ढांचा तेजी से टूट-फूट का शिकार हो रहा था। दुनिया का नेतृत्व करने का सपना देखने वाले देश की राजधानी उपेक्षा और बदहाल स्थिति का प्रतीक बन चुकी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात को बदल दिया। उन्होंने शहरों को बोझ नहीं माना, बल्कि उन्हें विकास के इंजन और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बनाया। यह बदलाव आज हर जगह दिखाई देता है। सेंट्रल विस्टा के पुनर्निर्माण ने कर्तव्य पथ को जनता की जगह बना दिया, नई संसद को भविष्य के अनुरूप संस्थान में बदल दिया और कर्तव्य भवन को सुचारु प्रशासनिक केंद्र बना दिया। जहां पहले जर्जर हालत थी, वहां अब महत्वाकांक्षा और आत्मविश्वास दिखता है।

इस बदलाव का पैमाना आंकड़ों से समझा जा सकता है। 2004 से 2014 के बीच शहरी क्षेत्र में केंद्र सरकार का कुल निवेश लगभग ?1.57 लाख करोड़ था। 2014 के बाद से यह 16 गुना बढ़कर लगभग ?28.5 लाख करोड़ हो गया है। 2025झ26 के बजट में ही आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को 96,777 करोड़ दिए गए, जिसमें एक-तिहाई हिस्सा मेट्रो के लिए और एक-चौथाई आवास के लिए रखा गया। इतना बड़ा वित्तीय निवेश स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ और इससे अभूतपूर्व रूप से शहरी ढांचे का स्वरूप बदल रहा है। भारत की व्यापक आर्थिक और डिजिटल प्रगति ने इस रफ्तार को और तेज कर दिया है। आज हम लगभग 4.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जहां डिजिटल व्यवस्था रोजमर्रा की जिंदगी को चला रही है। यूपीआई ने अभी हाल ही में एक महीने में 20 अरब लेन-देन का आंकड़ा पार किया और हर महीने ?24 लाख करोड़ से ज्यादा के लेन-देन संभाल रहा है। अब 90 करोड़ से अधिक भारतीय इंटरनेट से जुड़े हुए हैं और 56 करोड़ जनधन खाते जैम त्रिमूर्ति (जनधन, आधार, मोबाइल) का आधार हैं, जिसके जरिये सब्सिडी सीधे और पारदर्शी रूप से दी जाती है। यह पैमाना, औपचारिकता और फिनटेक अपनाने का मॉडल पूरी तरह



भारतीय है और इसका असर सबसे गहरा शहरी क्षेत्रों पर दिखाई देता है।

मेट्रो क्रांति जमीन पर हुए बदलाव को सबसे अच्छी तरह दिखाती है। 2014 में भारत में सिर्फ. 5 शहरों में लगभग 248 किलोमीटर मेट्रो लाइन चल रही थी। आज यह बढ़कर 23 से अधिक शहरों में 1,000 किलोमीटर से ज्यादा हो गई है, जो हर दिन एक करोड़ से अधिक यात्रियों को ढोती है। पुणे, नागपुर, सूरत और आगरा जैसे शहरों में नए कॉरिडोर बन रहे हैं, जिससे सफर तेज, सुरक्षित और प्रदूषण-रहित हो रहा है। यह सिर्फ.लोहे और कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि इसमें लोगों का समय बचना, हवा का साफ होना और नागरिकों को करोड़ों घंटे की अतिरिक्त उत्पादकता मिलना शामिल है। शहरी कनेक्टिविटी की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। एनसीआर के जाम से भरे इलाकों को नई बनी यूईआर-कक (दिल्ली की तीसरी रिंग रोड) से राहत मिल रही है, जो एनएच-44, एनएच-9 और द्वारका एक्सप्रेसवे को जोड़कर पुराने जाम के बिंदुओं को आसान बना रही है। भारत की पहली क्षेत्रीय तेज यातायात प्रणाली–दिल्लीझमेरठ आरआरटीएस (नमो भारत)–पहले ही बड़े हिस्से पर चल रही है और पूरा संचालन जल्द ही शुरू होने वाला है, जिससे पूरा सफर एक घंटे से कम समय में तय होगा। ये तेज और एकीकृत परिवहन प्रणालियां नए भारत के लिए एक नई महानगरीय सोच को आकार दे रही हैं।

एक्सप्रेसवे अब शहरों के बीच की आवाजाही का नया चेहरा बन रहे हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे, दिल्ली- मेरठ एक्सेस-नियंत्रित कॉरिडोर और मुंबई कोस्टल रोड ने दूरी घटा दी है और बड़े वाहनों को शहर की गलियों से बाहर निकालकर हवा को साफ किया है। मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु अब टापू जैसे शहर को मुख्य भूमि से सीधे जोड़ता है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल, भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, तेजी से आगे बढ़ रही है और पश्चिम भारत में विकास का नया केंद्र बनने जा रही है।

समावेशन भी हमेशा प्राथमिकता में रहा है। पीएम स्वनिधि योजना ने 68 लाख से ज्यादा रेहड़ी-पटरी वालों को बिना गारंटी वाला कर्ज. और डिजिटल सुविधा दी है, जिससे छोटे उद्यमियों को रोजगार फिर से खड़ा करने और औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का मौका मिला है। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत 120 लाख से अधिक मकानों की मंजूरी दी गई, जिनमें से लगभग 94 लाख पूरे हो चुके हैं। लाखों परिवार, जो पहले झुग्गियों में रहते थे, अब सुरक्षित पक्के घरों में रह रहे हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि बदली हुई ज़िंदगियां और नयी उम्मीदें हैं।

ऊर्जा सुधार ने शहरी जीवन को और सुविधाजनक बनाया है। जहां पहले रसोई महंगे और अनिश्चित गैस सिलेंडर बुकिंग पर निर्भर थी, अब पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आम होती जा रही है, जो अधिक सुरक्षित, साफ और सुविधाजनक है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन 2014 में सिर्फ. 57 क्षेत्रों तक सीमित था, जो अब बढ़कर 300 से अधिक हो गया है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से ऊपर पहुंच गए हैं, जबकि हजारों सीएनजी स्टेशन सार्वजनिक परिवहन को और स्वच्छ बना रहे हैं। अब लाखों शहरी घरों में नल घुमाकर ईंधन मिलना हकीकत बन चुका है।

भारत ने अब दुनिया की मेजबानी करने का आत्मविश्वास हासिल कर लिया है। भारत मंडपम ने सफलतापूर्वक जी 20 नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित किया। यशोभूमि अब दुनिया के सबसे बड़े सम्मेलन परिसरों में शामिल है, जहां एक साथ हजारों प्रतिनिधियों का स्वागत किया जा सकता है। इंडिया एनर्जी वीक ने बेंगलुरु, गोवा और नई दिल्ली में दुनिया की ऊर्जा कंपनियों और विशेषज्ञों को आकर्षित किया, जिससे यह साबित हुआ कि हमारे शहर बड़े पैमाने पर और बेहतरीन ढंग से दुनिया की मेजबानी कर सकते हैं। यह सब तब अकल्पनीय था जब हमारे नागरिक ढांचे की पहचान टूटे-फूटे हॉल और खस्ताहाल स्टेडियम हुआ करते थे।

परिवहन का आधुनिकीकरण बड़े पैमाने और तेजी से हो रहा है। 2014 में जहां सिर्फ. 74 हवाईअड्डे चालू थे, आज वह संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई है। यह संभव हुआ है उड़ान योजना और लगातार निवेश की वजह से। वंदे भारत ट्रेनें अब 140 से अधिक रूटों पर चल रही हैं, जिससे अलग-अलग क्षेत्रों में यात्रा का समय काफी घटा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिनमें से सौ से ज्यादा का उद्घाटन हो चुका है। दिल्ली में विस्तारित टर्मिनल-1 ने आईजीआई हवाईअड्डे की क्षमता 10 करोड़ यात्रियों से अधिक कर दी है, जिससे हमारी राजधानी दुनिया के बड़े हवाई केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है। समझदारी भरी कर नीति ने उपभोक्ताओं और विकास दोनों को सहारा दिया है। हाल ही में हुई जीएसटी सुधार के तहत ज्यादातर वस्तुओं और सेवाओं को 5% और 18% की दरों में रखा गया है। ऊंचे टैक्स सिर्फ. कुछ नशे और विलासिता की चीजों पर ही लगाए गए हैं। रोजमर्रा की जरूरी चीजों से लेकर कई घरेलू सामानों पर टैक्स घटा है, छोटे कार और दोपहिया वाहन अब कम जीएसटी पर मिलते हैं। कई दवाइयां और मेडिकल उपकरण भी सस्ते हो गए हैं। शहरी परिवारों के लिए इसका मतलब हैकि महीने के खर्च कम होना, खपत बढ़ना और निवेश व रोजगार का सकारात्मक चक्र चलना।मैंने लंबे समय तक एक राजनयिक के रूप में विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वहां मैंने देखा कि कैसे शहर किसी देश का चेहरा बन जाते हैं? वियना की रिंगस्ट्रासे, न्यूयॉर्क की ऊंची इमारतें या पेरिस की चौड़ी सड़कें- ये सब राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक थीं। तब मुझे साफ समझ आया कि दुनिया की नजरें सबसे पहले किसी देश के शहरों पर जाती हैं।

## शंघाई में भारतीय महावाणिज्य दूतावास में मनाया गया हिंदी दिवस, प्रतिभागियों ने संस्कृत श्लोकों का पाठ किया

**एजेंसी**

**शंघाई।** भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने ब्रिटानिका इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस पर एक समारोह आयोजित किया।कार्यक्रम में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों, विदेशी नागरिकों और भारत-प्रेमी स्थानीय चीनी मित्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हिंदी में कविताएं, लघु कथाएं, निबंध और गीत प्रस्तुत किए। कुछ प्रतिभागियों ने संस्कृत श्लोकों का पाठ किया। ब्रिटानिका इंटरनेशनल स्कूल इस क्षेत्र का पहला अंतरराष्ट्रीय स्कूल है, जिसने हिंदी को अपने पाठ्यक्रम में स्थायी रूप से शामिल किया है। यह पूर्वी चीन में हिंदी के सांस्कृतिक प्रभाव के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। मेरी पसंदीदा हिंदी फिल्म विषयक निबंध प्रतियोगिता में वयस्कों, वरिष्ठ विद्यार्थियों और कनिष्ठ विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस विषय ने भारतीय सिनेमा की उस विशिष्ट भूमिका को उजागर किया, जो भारत की सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर के रूप में दुनिया को जोड़ने का माध्यम है। विजेताओं को समारोह में सम्मानित किया गया। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल भारत की राजभाषा ही नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक स्वरूप, परंपरा और एकता की जीवंत अभिव्यक्ति है।

## इजरायली हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गये : हूती समूह

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के हवाई हमले में मारे गये 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे। यमन के हूती समूह ने रविवार को इसकी जानकारी दी। एक बयान में हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्रों- 26 सितंबर और अल-येमन के कार्यालय ध्वस्त हो गये। उन्होंने कहा कि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुये जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सैन्य शिविरों, हूतियों के जनसंपर्क मुख्यालय और एक ईंधन भंडारण स्थल को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने साथ ही कहा कि ये कार्रवाई हूती समूह द्वारा किये गये ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में थी। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने इस हमले का जवाब देने की कसम खाई। श्री याह्या का कार्यालय भी पिछले सप्ताह में हुये हवाई हमले में नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अनुत्तरित नहीं रहेगा।

## बेलारूस पड़ोसी देशों को बिन मांगी सहायता नहीं देना चाहता: लुकाशेंको

**मिन्स्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सोमवार को कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। श्री लुकाशेंको ने कहा कि उसके पास अपने पड़ोसियों की बिना मांगे सहायता करने की कोई योजना नहीं है। श्री लुकाशेंको ने रूस की रज़वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि बेलारूस 'उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि बेलारूस के प्रति पश्चिम की अमित्र नीति आक्रामक होती जा रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई विशेष जोखिम या प्रत्यक्ष सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है।



## कैमरून के बार में विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**याउंडे।** कैमरून के एंग्लोफोन उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के एक बार में रविवार को हुए आईईडी विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोट क्षेत्र के बतिबो इलाके में हुआ। बम एक पुलिस स्टेशन के पास एक बार में लगाया गया था। एक क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया, आतंकवादियों के एक समूह ने बार को निशाना बनाया क्योंकि पुलिसकर्मी अक्सर वहाँ जमा रहते हैं। हालांकि, विस्फोट के दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। सभी पीड़ित नागरिक थे जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहे थे। किसी भी समूह ने ज़िम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने इस हमले के लिए क्षेत्र में सक्रिय अलगाववादी लड़ाकों को ज़िम्मेदार ठहराया है। अलगाववादियों ने सोमवार को स्कूलों के फिर से खुलने और अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने के लिए कैमरून के अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में एक महीने का लॉकडाउन शुरू किया। अलगाववादी 2017 से इन क्षेत्रों में एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने की कोशिश में सरकारी बलों के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

# दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास ने उत्तर कोरिया का बढ़ाया पारा, दी चेतावनी

**एजेंसी**

**सोल** । दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने सोमवार को अपना त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थापित करने और उत्तर कोरिया के सैन्य खतरों के खिलाफ सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के तीनों देशों के निरंतर प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। पांच दिवसीय यह अभ्यास दक्षिण कोरिया के दक्षिणी द्वीप जेजू के पूर्व और दक्षिण में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में शुरू हुआ। दक्षिण कोरिया में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के प्रवक्ता यांग सेउंग-क्वान ने एक प्रेस वार्ता में कहा, ÷फ्रीडम एज एक्सरसाइज 19 सितंबर तक होगी, ताकि उत्तर कोरिया के उभरते परमाणु और मिसाइल खतरों को रोकने और उनका जवाब देने की क्षमताओं को मजबूत किया जा सके। तीनों देशों के बीच यह तीसरा सैन्य अभ्यास है। इससे पहले पिछले साल



जून और नवंबर में तीनों देश अभ्यास कर चुके हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग और अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहला अभ्यास है। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने कहा कि यह अभ्यास एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थापित करने और उसे बनाए रखने के लिए देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। तीनों देश बैलिस्टिक मिसाइल संबंधी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही जवान वायु रक्षा, चिकित्सा और समुद्री अभियान से जुड़े प्रशिक्षण में भी शामिल होंगे। वहीं, उत्तर कोरिया ने तीनों देशों के संयुक्त अभ्यास का विरोध किया है। उसने पिछले फ्रीडम एज अभ्यासों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है, जिसमें अमेरिकी परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत शामिल थे। पिछले साल जून में हुए पहले सैन्य अभ्यास के बाद उत्तर कोरिया ने इसे अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य गुट को मजबूत करने का प्रयास बताया था। फ्रीडम एज अभ्यास के साथ-साथ, दक्षिण कोरिया और अमेरिका सोमवार से शुक्रवार तक आयरन मेस टेबलटॉप सैन्य अभ्यास भी करने वाले थे, जिसका उद्देश्य उत्तर कोरियाई खतरों को रोकने के लिए वाशिंगटन की परमाणु संपत्तियों और सियोल की पारंपरिक क्षमताओं को एकीकृत करना था।

## गाजा पर हमले तेज, कतर हमले के बाद इजराइल पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो

**एजेंसी**

**यरुशलम।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इजराइल पहुंचे, उसी समय इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में हवाई हमलों को और तेज कर दिया। कई ऊंची इमारतों को मलबे में बदल दिया गया और कम से कम 13 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हुई है। रुबियो ने कहा कि वह इजराइली अधिकारियों से यह समझने की कोशिश करेंगे कि गाजा को लेकर आगे की रणनीति क्या होगी, खासकर उस हमले के बाद जिसमें पिछले सप्ताह इजराइल ने कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाया था। इस हमले ने संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई की कोशिशों को झटका दिया। रुबियो का यह दौरा तब हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोहा में इजराइली हमले पर असहमति जताई थी। उनका कहना था कि वॉशिंगटन को इसकी जानकारी पहले नहीं दी गई थी। इसके बावजूद रुबियो ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य नेताओं से मुलाकात की और उनके साथ वेस्टर्न वॉल (पश्चिमी दीवार) का दौरा किया। नेतन्याहू ने कहा,'रुबियो की यात्रा इजराइल-अमेरिका संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। ये रिश्ते उतने ही अटूट हैं जितनी कि पश्चिमी दीवार की चट्टानें।' स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार को गाजा सिटी, शिफा अस्पताल के पास, दीर अल-बलाह और अन्य इलाकों में कई जगह बमबारी हुई। दीर अल-बलाह में एक ही परिवार के छह सदस्य मारे गए, जिनमें माता-पिता और तीन बच्चे शामिल थे। इजराइली सेना ने कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को चेतावनी दी गई थी और केवल सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। वहीं गाजा के निवासियों का कहना है कि पूरे शहर को खंडहर बनाने की कोशिश की जा रही है।

# इजराइल का गाजा शहर पर हवाई हमला, कई इमारतों में विस्फोट के बाद आग लगी

**एजेंसी**

**गाजा पट्टी।** इजराइली सेना ने गाजा शहर में हवाई हमला। इससे कई ऊंची इमारतों में विस्फोट के बाद आग लग गई। इसके बाद लोगों को कई इलाकों को छोड़ने की चेतावनी दी गई। इजराइली सेना ने शहर को पूरी तरह से खाली करने का आदेश दिया है। सीएनएन चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल की सेना ने रविवार सुबह कुछ ही घंटों के भीतर गाजा शहर में कई टावरों को खाली कराने के आदेश जारी किए हैं। यह हमले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आहूत बैठक से पहले हुई है। बैठक में गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को नुकसान से बचाने के प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। इजराइल की सेना ने गाजा के बंदरगाह के पास स्थित 11 मंजिला अल कवथर इमारत को भी निशाना बनाया है। एक सूत्र ने बताया कि गुरुवार को होने वाली बैठक में इजराइली विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ-साथ इजराइली सैन्य और सुरक्षा सेवाओं के प्रमुख भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि गाजा में अभी भी लगभग 20 बंधक जीवित हैं। दो इजराइली अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में गाजा शहर में



इजराइली सैन्य जमीनी अभियान शुरू होने वाला है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के महानिरीक्षक ने रविवार को एक बयान में कहा कि पिछले चार दिनों में गाजा शहर में कम से कम 10 संयुक्त राष्ट्र भवनों पर हमला किया गया है। यूएनआरडब्ल्यूए के महानिरीक्षक फिलिप लाज़ारिनी ने कहा कि शहर और गाजा के उत्तर में तेज इजराइली हवाई हमलों के बाद गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और कोई भी सुरक्षित नहीं है। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमास इस क्षेत्र में इजराइली सैनिकों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहा था। अल मोहना टावर (ऊंची इमारत तेल अल-हवा इलाके में स्थित है) को हमास प्रयोग कर रहा था।

# यूक्रेन ने रूस पर 361 ड्रोन दागे, तेल रिफाइनरी में विस्फोट, रेल पटरी नष्ट

**एजेंसी**

**मॉस्को (रूस)।** रूस की आक्रामकता से झुलस रहे यूक्रेन ने पिछले 48 घंटों में उसे क्षति पहुंचाने की बड़ी कोशिश की है। रूस के अधिकारियों के अनुसार, यूक्रेन ने शनिवार शाम से रविवार सुबह सूरज उगने से पहले तक कम से कम 361 ड्रोन दागे। इस दौरान उत्तर-पश्चिम में स्थित विशाल किरिशी तेल रिफाइनरी में शक्तिशाली विस्फोट हुआ और आग लग गई। द मॉस्को टाइम्स और तास की रिपोर्ट्स में इस घटना का जिक्र करते हुए बताया गया है कि नाटो सदस्य पोलैंड में रूसी ड्रोन गिराए जाने के कुछ देरबाद यूक्रेन ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तेल निर्यातक रूस में तेल रिफाइनरी और पाइप लाइनों पर हमले किए। हालांकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने कम से कम 361 ड्रोन मार गिराए। खबरों के अनुसार, पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में रविवार तड़के दो ट्रेनें पटरी से उतर गईं। हादसे में एक ट्रेन चालक की मौत हो गई और रेल यातायात बाधित हो गया।

दोनों घटनाएं शनिवार देररात पश्चिमी ओरयोल में रेल पटरी के एक हिस्से पर विस्फोटक के कुछ घंटों बाद हुईं। इस विस्फोट में तीन रूसी राष्ट्रीय रक्षक अधिकारी मारे गए। यूक्रेन सैन्य खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने दो हमलों की जिम्मेदारी ली, लेकिन उस दुर्घटना की जिम्मेदारी नहीं ली जिसमें चालक की मौत हो गई।

कीव ने कहा है कि मॉस्को इन रेल मार्गों का इस्तेमाल यूक्रेन में लड़ रही अपनी सेना के लिए सैनिकों और ईंधन पहुँचाने के लिए करता है। इसलिए इनको निशाना बनाया गया। गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेंको ने टेलीग्राम पर लिखा, लेनिनग्राद के गाचिना जिले में सेमरिनो स्टेशन के पास एक डीजल इंजन पटरी पर उतर गया। उसके चालक की मौत हो गई। ड्रोज्डेंको ने बताया कि 15 बोगी वाली एक मालगाड़ी भी दिन में दक्षिण में स्ट्रोगानोवो और मशिन्स्काया गांवों के बीच पटरी से उतर गई। तास के अनुसार, यूक्रेनी सेना ने विशेष सैन्य अभियान क्षेत्र में 24 घंटे में लगभग 1,330 सैनिकों को खोया है। विशेष रूप से बैटलग्रुप नॉर्थ के क्षेत्र में 170 सैनिक, बैटलग्रुप वेस्ट के क्षेत्र में 240 से अधिक सैनिक, बैटलग्रुप साउथ के क्षेत्र में 200 सैनिक, बैटलग्रुप सेंटर के क्षेत्र में 450 सैनिक, बैटलग्रुप ईस्ट के क्षेत्र में 225 से अधिक सैनिक और बैटलग्रुप डेनेपर के क्षेत्र में 45 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए। मंत्रालय ने कहा कि रूसी सशस्त्र बलों के परिचालन-सामरिक विमानन, लड़ाकू यूएवी, मिसाइल सैनिकों और तोपखाने ने यूक्रेनी सेना के यूएवी ऑपरेटरों के प्रशिक्षण केंद्रों और यूक्रेनी सैनिकों के अस्थायी तैनाती स्थलों पर हमला किया। रिपोर्ट में कहा गया है, यूक्रेन के 142 जिलों को निशाना बनाया गया।

# टेक्सास में भारतीय व्यक्ति की हत्या पर ट्रंप ने किया वादा, 'न्याय की पूरी सीमा तक कार्रवाई'

**एजेंसी**

**वाशिंगटन** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास में एक भारतीय नागरिक की हत्या मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ 'न्याय की पूरी सीमा तक' मुकदमा चलाने का वादा किया। हत्यारे पर 'प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप' लगाया जाएगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'मुझे टेक्सास के डलास में प्रतिष्ठित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से जुड़ी भयावह खबरों की जानकारी है। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने, जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था, बेरहमी से उनका सिर काट दिया।' उन्होंने हत्या के आरोपियों को छोड़ने के लिए पहले के बाइडेन प्रशासन को भी दोषी ठहराया। ट्रंप ने कहा, 'इस व्यक्ति को पहले भी



बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अक्षम जो बाइडेन के कार्यकाल में उसे हमारी मातृभूमि में वापस छोड़ दिया गया क्योंकि क्यूबा ऐसे दुष्ट व्यक्ति को अपने देश में नहीं चाहता था। निश्चिंत रहें, मेरे शासन में इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी बरतने का समय अब खत्म हो गया है। 10 सितंबर को 41 वर्षीय नागमल्लैया पर टेक्सास के डलास के एक मोटल में जानलेवा हमला किया गया और उनका सिर काट दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने 37 वर्षीय मार्टिनेज को गिरफ्तार किया। उस पर नागमल्लैया का सिर काटने और उसे कूड़ेदान में छोड़ने के गंभीर आरोप हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक विचलित करने वाले वीडियो में मार्टिनेज को एक कुल्हाड़ी लेकर पीड़ित का पीछा और हमला करते दिखाया गया। वीडियो से पता चला कि आरोपी ने नागमल्लैया का सिर धड़ से अलग कर दिया। फिर पीड़ित के सिर को मोटल की पार्किंग में लात मारी और कूड़ेदान में फेंक दिया। इसी बीच अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने घोषणा की कि आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने हमलावर को देश से 'निकालने' की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघली ने बाइडेन प्रशासन पर बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों को देश में आने देने का भी आरोप लगाया।

## ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी मार्च पर प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा- शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन हिंसा बर्दाश्त नही

**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने प्रवासी-विरोधी विशाल प्रदर्शन के बाद कहा कि देश में हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार है, लेकिन पुलिस पर हमले और लोगों को उनकी नस्ल या पृष्ठभूमि के आधार पर डराने-धमकाने जैसी घटनाओं को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। 13 सितम्बर को लंदन में करीब 1.1 लाख लोग प्रवासन के खिलाफ एक मार्च में शामिल हुए। इस रैली का आयोजन दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन ने किया था। पुलिस के अनुसार, भीड़ अनुमान से कहीं अधिक बड़ी थी और कई जगहों पर तय मार्ग से हटकर फैल गई। प्रदर्शन के दौरान 26 पुलिसकर्मी घायल हुए और 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सोशल मीडिया पर लिखा, शांतिपूर्ण विरोध हमारे देश की मूलभूत पहचान है, लेकिन पुलिस पर हमला और समाज में भय व विभाजन फैलाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।÷ उन्होंने कहा कि यूनियन जैक और इंग्लैंड के झंडे ब्रिटेन की विविधता और एकता का प्रतीक हैं, और इन्हें हिंसा तथा नफरत का प्रतीक बनाने की कोशिश सफल नहीं होगी। ब्रिटेन में हाल के दिनों में प्रवासन का मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया है। 2025 में अब तक 28,000 से अधिक प्रवासी छोटे नावों के जरिए इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंच चुके हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच यह विषय आम लोगों और राजनीति दोनों में गर्म बहस का केंद्र बना हुआ है।

# यूक्रेन की मदद को आगे आए पोलैंड और रोमानिया, जेट विमान तैनात

**एजेंसी**

**लंदन।** सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) सहयोगी पोलैंड और रोमानिया ने यूक्रेन में रूसी ड्रोन और मिसाइल हमलों का जवाब देने के लिए लड़ाकू विमानों को तैनात किया। यह सैन्य गठबंधन मित्र देशों के हवाई क्षेत्र के बार-बार उल्लंघन के जवाब में अपने रक्षात्मक विकल्पों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। एबीसी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, पोलिश सेना ने कहा कि यूक्रेन की सीमा से लगे हवाई क्षेत्र में जेट विमानों की तैनाती के बाद शनिवार को हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन दर्ज नहीं किया गया। पोलिश प्रधानमंत्री डोनाड टस्क ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में बताया कि पोलैंड की सीमा के पास यूक्रेन में रूसी ड्रोनों द्वारा संचालित खतरे के जवाब में रक्षा तैयारी उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। लेकिन, बुखारेस्ट में रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, नाटो के पूर्वी हिस्से में दक्षिण में एक रूसी ड्रोन ने रोमानियाई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मंत्रालय ने कहा कि डेन्यूब नदी पर यूक्रेनी बुनियादी ढांचे पर रूसी हवाई हमलों के बाद यूक्रेन की सीमा पर हवाई स्थिति की निगरानी के लिए दो एफ-16 लड़ाकू विमान भेजे गए। डेन्यूब नदी रोमानिया और यूक्रेन के मध्य बहती है। रूसी ड्रोन और मिसाइलों ने बार-बार यूक्रेनी बंदरगाह और वहां के शिपिंग ठिकानों को निशाना बनाया है।पोलैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पोलैंड गणराज्य के राष्ट्रपति करोल नवरोकी ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के विदेशी सदस्य देशों के सशस्त्र बलों के एक हिस्से को %ईस्टर्न सेंट्री% अभियान के तहत पोलैंड गणराज्य के सुदृढ़ीकरण के रूप में पोलैंड गणराज्य के क्षेत्र में रहने की सहमति व्यक्त की गई है। पोस्ट में कहा गया, राष्ट्रपति का प्रस्ताव गोपनीय है। रोमानिया के रक्षा मंत्री इयोनुत मोस्टेनु ने एक्स पर कहा कि बुखारेस्ट रूस के लापरवाह व्यवहार की निंदा करता है। हम अपने नाटो सहयोगियों के साथ सतर्क हैं। रोमानिया ने अभी तक किसी भी रूसी ड्रोन को नहीं मार गिराया है। उधर, नाटो देशों के ड्रोन मार गिराने का पहला मामला पिछले सप्ताह सामने आया, जब पोलिश और डच लड़ाकू विमानों ने पोलैंड के ऊपर तीन रूसी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। वारसॉ के अनुसार, उस घटना में कम से कम 19 ड्रोन पोलिश हवाई क्षेत्र में घुसे थे। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में कहा कि रोमानियाई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाला रूसी ड्रोन देश में लगभग छह मील तक उड़कर लगभग 50 मिनट तक नाटो हवाई क्षेत्र में रहा। उन्होंने कहा कि रूसी सेना अच्छी तरह जानती है कि उनके ड्रोन कहां जा रहे हैं और वे कितनी देर तक हवा में उड़ान भर सकते हैं।

# कतर पीएम ने कहा - 'दोहरे मापदंड बंद करें, इजराइल को सजा मिले'

**एजेंसी**

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इजराइल के प्रति 'दोहरे मापदंड अपनाना बंद करे' और उसे उसके कथित अपराधों के लिए दंडित करे। कतर पीएम ने यह बयान दोहा में 15 सितम्बर को होने वाले अरब और इस्लामी देशों के आपातकालीन शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित एक तैयारी बैठक में दिया। यह शिखर सम्मेलन उस अभूतपूर्व हमले के बाद बुलाया गया है, जिसमें इजराइल ने हाल ही में दोहा में हमास नेताओं को निशाना बनाया था।

अल-थानी ने कहा, 'अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोहरे मापदंड बंद करे और इजराइल को उसके अपराधों के लिए दंडित करे। हमारे फिलिस्तीनी भाइयों पर चलाया जा रहा यह युद्ध उन्हें अपनी ही भूमि से खदेड़ने की कोशिश है, लेकिन यह सफल नहीं होगा।' कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने बताया कि सम्मेलन में इजराइली हमले पर ÷एक मसौदा प्रस्ताव÷ पर चर्चा होगी। सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रमुख रूप से ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन, इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास दोहा पहुंच चुके हैं। तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगान के भी आने की संभावना जताई गई है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बैठक में शामिल होंगे या नहीं, लेकिन वह हाल ही में कतर दौरे पर आकर एकजुटता जता चुके हैं। कतर पश्चिम एशिया में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा मेजबान देश है और इजराइल-हमास युद्ध में अमेरिका व मिस्र के साथ प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका भी निभा रहा है। हमास के राजनीतिक ब्यूरो सदस्य बासेम नाइम ने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन अरब और इस्लामी दुनिया से 'निर्णायक और एकजुट रुख' पेश करेगा और इजराइल के खिलाफ 'स्पष्ट व ठोस कदम' तय किए जाएंगे।

## दक्षिण कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर के मामला सामने आने के बाद जारी किया क्वारंटीन अलर्ट

**एजेंसी**

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के मामले सामने आने के बाद क्वारंटीन अलर्ट जारी कर दिया है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। गृह और सुरक्षा मंत्रालय के मुताबिक एएसएफ का मामला रविवार रात



ग्योंगगी प्रांत के योनचियोन काउंटी में एक सुअर फार्म में सामने आया। इस साल का यह पांचवा मामला है। इससे पहले जुलाई में भी एक मामला सामने आया था। क्वारंटीन अधिकारियों ने देश भर में रेड अलर्ट जारी कर दिया है और योनचियोन और आसपास के क्षेत्रों में सुअर फार्मों और संबंधित सुविधाओं की गतिविधियों पर 48 घंटे की रोक लगायी है, जो मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे तक रहेगी। अधिकारियों ने प्रभावित सूअरों को मार कर दफनाने और योनचियोन सूअर फार्म के आसपास कीटाणुशोधन और उस तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए एक क्वारंटीन टीम भेजी है।

# एमी अवार्ड्स 2025 के विजेताओं की पूरी लिस्ट आई सामने, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड जीन स्मार्ट को

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** मनोरंजन जगत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित पुरस्कारों में गिने जाने वाले एमी अवार्ड्स का 77वां संस्करण लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में आयोजित हुआ। पहली बार इस शो की मेजबानी अमेरिकी स्टैंडअप कॉमेडियन नैट बार्गेट्ज ने की। इस बार अवार्ड्स में 'सेवरेंस', 'द पिट', 'एडोलसेंस' और 'द स्टूडियो जैसी सीरीज का जलवा छाया रहा। अब आखिरकार एमी अवार्ड्स 2025 के विजेताओं की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है। कॉमेडी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब सेठ रोजेन को उनकी सीरीज 'द स्टूडियो' के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड जीन स्मार्ट ने 'हैक्स' के लिए अपने नाम किया। मंच से उन्होंने 'हैक्स' की पूरी टीम और कलाकारों का आभार जताया। ड्रामा कैटेगरी की बात करें तो ब्रिट लोअर को 'सेवरेंस' में शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया, जबकि एडम स्कॉट ने भी इसी सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब हासिल किया अभिनेत्री कैथरीन लानासा को 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज की सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का अवार्ड मिला। मंच पर आते ही वह भावुक हो उठीं और अपनी पूरी टीम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कॉमेडी सीरीज श्रेणी में इस साल दो बड़े नामों ने बाजी मारी। 'द स्टूडियो' के लिए सेठ रोजेन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवार्ड मिला, जबकि 'द ओनर' के लिए इवान गोल्डबर्ग को यह सम्मान दिया गया। ड्रामा सीरीज में 'सेवरेंस' के सेठ मिलचिक का दमदार किरदार निभाने वाले ट्रैमेल टिलमैन ने सहायक अभिनेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, ओवन कूपर ने 'एडोलेसेंस' के लिए अवॉर्ड जीतकर नया इतिहास रच दिया। महज 15 साल की उम्र में वह यह सम्मान हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष अभिनेता बने।

77वें एमी अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं की पूरी लिस्ट

बेस्ट ड्रामा सीरीज - द पिट

बेस्ट एक्टर (ड्रामा सीरीज) - नूह वाइल (द पिट)

बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा सीरीज) - ब्रिट लोअर (सेवरेंस)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (ड्रामा सीरीज) - ट्रैमेल टिलमैन (सेवरेंस)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस (ड्रामा सीरीज) - कैथरीन लानासा (द पिट)

बेस्ट डायरेक्टर (ड्रामा सीरीज) - एडम रैंडल (स्लो हॉर्सेज)

बेस्ट कॉमेडी सीरीज - द स्टूडियो

बेस्ट एक्टर (कॉमेडी सीरीज) - सेठ रोजेन (द स्टूडियो)

बेस्ट एक्ट्रेस (कॉमेडी सीरीज) - जीन स्मार्ट (हैक्स)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (कॉमेडी सीरीज) - जेफ हिलर (समबडी समव्हेयर)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस (कॉमेडी सीरीज) - हान्नाह ऐनबिंडर

बेस्ट डायरेक्टर (कॉमेडी सीरीज) - सेठ रोजेन (द स्टूडियो)

बेस्ट लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज - एडोलसेंस

बेस्ट एक्टर (लिमिटेड/एंथोलॉजी सीरीज) - स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)

बेस्ट एक्ट्रेस (लिमिटेड/एंथोलॉजी सीरीज) - क्रिस्टिन मिलिओटी (द पेंगुइन)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (लिमिटेड/एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म) - ओवेन कूपर

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस (लिमिटेड/एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म) - एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)

बेस्ट डायरेक्टर (लिमिटेड/एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म) - फिलिप बैरंटिनी (एडोलसेंस)

बेस्ट टॉक सीरीज - द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट

आउटस्टैंडिंग रियलिटी कम्पटीशन - द ट्रेटर्स

## जीएसटी सुधार हर नागरिक के लिए एक बड़ी जीत : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि 12 फीसदी जीएसटी दर वाले 99 फीसदी सामान अब 5 फीसदी जीएसटी दर वाले दायरे में आ गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित व्यापार एवं उद्योग संघ के संयुक्त सम्मेलन 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' को संबोधित करते हुए ये बात कही। सीतारमण ने कहा कि यह बदलाव तय समय से पहले ही लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोगों के जागने से लेकर सोने तक जीएसटी के लाभ अब दैनिक जीवन के हर पहलू को प्रभावित करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधार एक प्रमुख कदम उन 99 फीसदी वस्तुओं पर जीएसटी को घटाकर केवल 5 फीसदी करना है, जिन पर पहले 12 फीसदी कर लगता था। सीतारमण ने कहा कि नए जीएसटी सुधार 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे।

## जीएसटी सुधारों से एमएसएमई में ग्रोथ और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : केंद्र

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, लॉजिस्टिक्स और हस्तशिल्प पर जीएसटी दरें कम होने से आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती मिलेगी और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। उदाहरण के लिए, दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, कांच, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एमएसएमई को लाभ होता है। किफायती साइकिलें गिग वर्कर्स, किसानों और ग्रामीण व्यापारियों के लिए मददगार साबित होती हैं और सस्ती कारें छोटे शहरों में एमएसएमई और डीलरशिप के लिए मददगार साबित होती हैं। ट्रैक्टरों (1800 सीसी से कम) पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत करने से भारत की वैश्विक ट्रैक्टर निर्माण में अग्रणी स्थिति मजबूत होती है और सहायक एमएसएमई को सहायता मिलती है। वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे माल ढुलाई, रसद लागत, मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ है और एमएसएमई ट्रक मालिकों को लाभ हुआ है।

## एसी ,एलईडी के लिए पीएलआई योजना में 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक फिर आवेदन का मौका

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपकरणों (एसी और एलईडी लाइट्स) के लिए पीएलआई योजना के तहत निवेश के इच्छुक उद्यमियों को आवेदन का एक और मौका दिया है। सरकार ने 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक उद्यमियों को फिर से आवेदन का मौका देने का फैसला लिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में यह घोषणा करते हुए कहा कि उद्योग जगत की इस योजना के अंतर्गत और अधिक निवेश करने की इच्छा के आधार पर आवेदकों को आवेदन का यह अवसर देने का निर्णय किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह निर्णय पीएलआईडब्ल्यूजी योजना के तहत भारत में एसी और एलईडी लाइट्स के प्रमुख पुर्जों के निर्माण से उत्पन्न बढ़ते बाजार और विश्वास को दर्शाता है। यह योजना 16 अप्रैल 2021 को अधिसूचित की गयी थी और इसका बीच में समय-समय पर संशोधन किया गया था। योजना के लिये नयी आवेदन खिड़की 04 जून 2021 को जारी पीएलआईडब्ल्यूजी योजना दिशानिर्देशों में निर्धारित नियमों और शर्तों पर खोली जा रही है।

## कीमत बढ़ने से कम सोना खरीद रहे लोग, कैरेट पर भी कर रहे समझौता

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत आसमान पर होने के कारण लोगों ने गहने-जेवरात की खरीद कम कर दी है, यहां तक कि कैरेट पर भी समझौता कर रहे हैं, इसके बावजूद सर्राफा व्यापारियों की चांदी है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,13,000 रुपये प्रति दस ग्राम से ऊपर है जो पहले कभी नहीं देखा गया था। यह इस साल 30 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ है। यहां भारत मंडपम में 13 से 15 सितंबर तक जारी तीन दिवसीय दिल्ली ज्वेलरी एंड जेम्स फेयर 2025 में मीडिया से बात करते हुए इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतल वकील वालिया ने कहा कि ऊंची कीमत के अलावा एक और तथ्य है जो लोगों की पसंद को प्रभावित कर रही है। अब महिलाएं भारी जेवर की बजाय हल्के जेवर ज्यादा पसंद करती हैं जिन्हें वे ऑफिस या घरों में भी रोजाना पहन सकें, न कि सिर्फ खास मौकों पर। इसलिए, लोग शादियों में भी हल्के जेवर दे रहे हैं। यह जेब के लिए किफायती भी है और फैशन पसंद युवा वर्ग के लिए बिल्कुल सही है।

## सर्राफा बाजार : सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी की कीमत में आया उछाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज एक बार फिर तेजी आ गई है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,170 रुपये से लेकर 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,850 रुपये से लेकर 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,32,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। हालांकि, साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान जबरदस्त उतार-चढ़ाव होने के बावजूद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,120 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सोने की तरह ही पूरे सप्ताह कीमत में उतार चढ़ाव के बाद चांदी के भाव में साप्ताहिक आधार पर 6,900 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आ गई है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,11,320 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,11,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## आईईसी की बैठक भारत मंडपम में 15 से 19 सितंबर तक, दो हजार से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ होंगे शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) की 89वीं की आम बैठक (जीएम) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 15 से 19 सितंबर तक होगी। इसमें 100 से ज्यादा देशों के 2,000 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी इस समारोह का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आईईसी प्रदर्शनी का अनावरण करेंगे। 1960, 1997 और 2013 के बाद ये चौथी बार है, जब भारत प्रतिष्ठित आईईसी की आम बैठक की मेजबानी कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक यह भारत में




इलेक्ट्रोटेक्निकल क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी, जिसमें इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्मार्ट लाइटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी विनिर्माण में नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह भारतीय स्टार्ट-अप्स के लिए एक वैश्विक नेटवर्किंग मंच प्रदान करेगी। अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग के उपाध्यक्ष विमल महेंद्रू ने बताया कि आईईसी के सदस्यों में लगभग 170 देश शामिल हैं। ये देश विश्व की 99 फीसदी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और मूल्य के संदर्भ में वैश्विक व्यापार के लगभग 20 फीसदी व्यापार पर प्रभाव डालते हैं।

## अक्टूबर में शेयर बाजार 3 दिन बंद रहेगा, दिवाली की छुट्टी के दिन होगी मुहूर्त ट्रेडिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**अक्टूबर के महीने में गांधी जयंती, दशहरा, दिवाली जैसे त्योहारों की वजह से तीन दिन शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई के हॉली-डे कैलेंडर के मुताबिक अक्टूबर के महीने में 2 अक्टूबर के अलावा 21 और 22 अक्टूबर को छुट्टी रहेगी। इन तीनों दिन बीएसई और एनएसई में सामान्य कारोबार नहीं होगा। स्टॉक मार्केट के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के साथ ही दशहरा भी है। इन दोनों मौकों पर स्टॉक मार्केट में छुट्टी होती है, लेकिन इस बार इन दोनों छुट्टियों का मौका एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए इस दिन बीएसई और एनएसई में ट्रेडिंग नहीं होगी। इसके बाद 21 अक्टूबर को दिवाली और लक्ष्मी पूजन की वजह से बाजार बंद रहेगा। हालांकि, उसी दिन शाम को परंपरागत मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन होगा, जिसका समय बाद में घोषित किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 22 अक्टूबर को दिवाली बलि




प्रतिपदा के मौके पर भी बाजार में छुट्टी रहेगी और किसी तरह का कारोबार नहीं होगा। इस तरह अक्टूबर में निवेशकों को तीन दिन का ब्रेक मिलने वाला है। स्टॉक एक्सचेंज की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक बली प्रतिपदा की छुट्टी के बाद नवंबर में 5 तारीख को गुरु पूरब की छुट्टी होगी, जबकि 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इन छुट्टियों के अलावा करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद की भी छुट्टी रहेगी।

## इंडिगो ने अपने इंजीनियरिंग विभाग में पहले महिला तकनीशियन बैच को शामिल किया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने राष्ट्रीय इंजीनियरिंग दिवस पर 33 रखरखाव तकनीशियनों के अपने पहले महिला बैच को शामिल किया। यह पहल विमानन क्षेत्र में तकनीकी भूमिकाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और समान अवसर पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडिगो का इंजीनियरिंग विभाग एयरलाइन के 400 से अधिक विमानों के बेड़े में सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, जिसने 99.89 फीसदी वित्त वर्ष 2024-25 की तकनीकी प्रेषण विश्वसनीयता हासिल की है। कंपनी ने कहा कि महिला तकनीशियनों के नए बैच ने हाल ही में एक हफ्ते के इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों और महिला इंजीनियरों ने अपने अनुभव साझा किये। इंडिगो के कार्यबल में 44.8 फीसदी से अधिक महिला कर्मचारी हैं और इसमें महिला पायलटों का प्रतिशत 16.2 फीसदी है। इस पहल के साथ ही एयरलाइन विमानन उद्योग में अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करेगी, एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेगी, जहां अधिक महिलाएं तकनीकी भूमिकाओं और नेतृत्वकारी पदों पर कदम रखेंगी।

## अगले सप्ताह प्राइमरी मार्केट में खुलेंगे 5 नए आईपीओ, 11 शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह कम से कम पांच कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करने वाली हैं। इनमें दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि तीन आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा कल से शुरू हो रहे नए सप्ताह में 11 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होकर अपने कामकाज की शुरुआत करने वाली हैं। सप्ताह के पहले दिन ही 15 सितंबर को टेक-डी साइबर सिक्योरिटी का 38.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 17 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 183 से 193 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 16 सितंबर को डेकोरेटिव वॉल पैनल बनाने वाली कंपनी यूरो प्रतिक सेल्स का 451.31 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन




के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 18 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 235 से 247 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 60 शेयर का है। इसके अगले दिन 17 सितंबर को टीएमटी बार बनाने वाली कंपनी वीएमएस टीएमटी का 148.50 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 19 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 150 शेयर का है। 17 सितंबर को ही संपत अल्युमिनियम का 30.53 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में भी 19 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 114 से 120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। इसके अलावा गुरुवार 18 सितंबर को जेडी केबल्स का 95.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 22 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के लिए 144 से 152 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। इस सप्ताह 11 कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगी। सप्ताह के पहले दिन 15 सितंबर को ही वशिष्ठ लग्जरी फैशन के शेयरों की स्टॉक मार्केट में एंट्री होगी। इसके अगले दिन 16 सितंबर को कृपालु मेटल्स, कार्बन स्टील इंजीनियरिंग, नीलांचल कार्बो मेटालिक्स और टॉरियन एमपीएस के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होंगे।

## केंद्र ने 15 सितंबर से 30 दिनों के लिए खोली पीएलआई योजना के आवेदन की विंडो




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू उपकरणों (एयर कंडीशनर एसी और एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए आवेदन विंडो को 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक 30 दिनों के लिए फिर से खोल दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस योजना के लिए आवेदन विंडो 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक ऑनलाइन पोर्टल RL https://pliwg.dpiit.gov.in/पर खुली रहेगी। आवेदन विंडो बंद होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 07 अप्रैल, 2021 को एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइटों के कलपुर्जों और सब-असेंबली के निर्माण के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य विनिर्माण को केंद्र में लाना और भारत के विकास को गति देने तथा रोजगार सृजन में जोर देना है। ये योजना वित्त वर्ष 2028-29 तक सात वर्षों की अवधि में क्रियान्वित की जाएगी और इसका परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है।

## पीएसयू बैंक 'विकसित भारत 2047' में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयारः डीएफएस सचिव एम. नागराजू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अस्तित्व और स्थिरता के दौर से आगे बढ़ चुके हैं और अब विकसित भारत 2047 की यात्रा में वृद्धि, नवाचार और नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हैं। वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने गुरुग्राम में दो दिवसीय पीएसबी मंथन 2025 कार्यक्रम के समापन पर यह बात कही। नागराजू ने पीएसबी मंथन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की आकांक्षा रखने को कहा। उन्होंने अपने संबोधन में शासन और परिचालन लचीलेपन को मजबूत करने तथा पारंपरिक और उभरते उद्योगों में अपनी भूमिका बढ़ाने की




जरूरत पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' का विषय, विकसित भारत के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की पुनर्कल्पना था। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, नियामक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद, प्रौद्योगिकीविद् और बैंकिंग व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राहक अनुभव, शासन, नवाचार, ऋण वृद्धि, जोखिम प्रबंधन और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पर चर्चा हुई।मंत्रालय के मुताबिक प्रख्यात वक्ताओं में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे; देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन; सेबी के पूर्व अध्यक्ष एम. दामोदरन, आईआरडीएआई के पूर्व अध्यक्ष देबाशीष पांडा, आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर, आर गांधी, एनएस विश्वनाथन और एमके जैन तथा एसबीआई के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार और दिनेश कुमार खारा तथा वित्तीय क्षेत्र, उद्योग, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के कई अन्य प्रतिष्ठित नेता शामिल थे।

## जीएसटी दरों में भारी कटौती से किसानों, सहकारिताओं और ग्रामीण उद्यमों को बड़ी राहत

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार के वस्तु एवं सेवा कर में व्यापक कटौती करने का सीधा लाभ 10 करोड़ से अधिक डेयरी किसानों, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण उद्यमों को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इन #Ne&tGenGST सुधारों का पूरे दुग्ध सहकारी क्षेत्र, जिसमें अमूल जैसे बड़े ब्रांड भी शामिल हैं, ने स्वागत किया है। दुग्ध और खाद्य उत्पादों पर राहतः दूध और पनीर, चाहे ब्रांडेड हों या बिना ब्रांड के, को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। वहीं, मक्खन, घी और अन्य दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा, चीज़, नमकीन, पास्ता, जैम, जेली, भुजिया और फलों के जूस पर भी जीएसटी 12फीसदी या 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। इससे इन उत्पादों के दाम कम होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ेगी। पैकिंग पेपर और डिब्बों पर भी जीएसटी 5फीसदी कर दिया गया है, जिससे लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी आएगी।

कृषि और परिवहन क्षेत्र में भी लाभः कृषि क्षेत्र में किसानों को बड़ी राहत दी गई है। 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों और उनके पुर्जों पर जीएसटी 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है। अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसे प्रमुख उर्वरक इनपुट पर जीएसटी 18फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है, जिससे उर्वरक सस्ते होंगे और किसानों को समय पर उपलब्ध होंगे। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए, बारह बायो-पेस्टीसाइड और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी कर दिया गया है।

इससे जैविक कृषि इनपुट किफायती होंगे। वाणिज्यिक वाहनों पर भी जीएसटी में बड़ी कटौती की गई है। ट्रक और डिलीवरी वैन जैसे मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28फीसदी से घटाकर 18फीसदी कर दिया गया है। इससे परिवहन लागत घटेगी और कृषि उत्पादों की ढुलाई सस्ती होगी, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। मालवाहक वाहनों के थर्ड-पार्टी बीमा पर जीएसटी भी 12फीसदी से घटाकर 5फीसदी किया गया है।

## अरुणाचल सरकार ने नामचिक-नामफुक खदान के खनन पट्टे को मंजूरी दी

**एजेंसी**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने चांगलांग जिले के खरसांग में स्थित नामचिक-नामफुक कोयला खदान के पट्टे को मंजूरी दे दी है। इस खदान का संचालन गुवाहाटी की कंपनी कोल पल्ज प्राइवेट लिमिटेड करेगी। उसे वर्ष 2023 में हुई नीलामी में 30 वर्षों के लिए यह अधिकार मिला था। पट्टा अधिकार देने को लेकर राज्य सरकार और कंपनी के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर अरुणाचल के भूविज्ञान एवं खनन मंत्री वांकी लोवांग ने कहा कि इस खदान से जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू होने की संभावना है। इस खदान से प्रतिवर्ष दो लाख टन कोयला उत्पादन होने की संभावना है, जिससे राज्य को राजस्व मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि खदान का परिचालन शुरू होने से अवैध खनन पर रोक लगेगी और बिजली की मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।यह खदान क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश के सुदूर पूर्व में स्थित नामचिक संरक्षित वन का हिस्सा है। यहां पर खनन के लिए सभी जरूरी वन एवं पर्यावरण मंजूरियां केंद्र सरकार से ली जा चुकी हैं। करीब 1.5 करोड़ टन भंडार वाले इस कोयला क्षेत्र में पहले वर्ष 2007 से 2012 के बीच खनन हुआ था, लेकिन नियमों के उल्लंघन एवं अन्य कारणों से इसे रोक दिया गया था।


## साप्ताहिक समीक्षा : पॉजिटिव संकेतों के चलते शेयर बाजार में पूरे सप्ताह बनी रही मजबूती

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ट्रेड डील को लेकर अमेरिका के साथ बने तनाव में कमी आने के संकेत, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद और यूरोपीय यूनियन द्वारा भारत के खिलाफ लाए गए अमेरिकी टैरिफ प्रस्ताव को खारिज करने की खबरों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान लगातार मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आया। शेयर बाजार में इस अवधि के दौरान पिछले 3 महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। शुक्रवार यानी 12 सितंबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में बीएसई का सेंसेक्स 1,193.94 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 81,904.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 373 अंक यानी 1.50 प्रतिशत उछल कर 25,114 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, वारी एनर्जीज, एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज, इंडस टावर, अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। लार्जकैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार में साप्ताहिक आधार पर 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स, फ्लोरोकेमिकल्स, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स, ऑरिकल फाइनेंशियल सर्विसेज, एनएचपीसी और भारत फोर्ज के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए।



इसी तरह बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 8 से 12 सितंबर तक के साप्ताहिक कारोबार में 1.50 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल जेबीएम ऑटो, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग, सिगाची इंडस्ट्रीज, इंडो काउंट इंडस्टरीज, प्राइम फोकस, प्रेसीजन कैमशाफ्ट्स, आईओएल केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स, सेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स, दिलीप बिल्डकॉन, रैम्को इंडस्ट्रीज, ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज, इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और एमटीएआर टेक्नोलॉजी के शेयर साप्ताहिक आधार पर 15 से लेकर 36 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, पारादीप फास्फेट्स, ऋषभ इंस्ट्रूमेंट्स, केआर रेल इंजीनियरिंग, विमता लैबोरेट्रीज, कार ट्रेड टेक और गुड लक इंडिया के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में निफ्टी के कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर एक प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी का डिफेंस इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 7 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह आईटी इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 4 प्रतिशत उछलकर बंद हुआ। पीएसयू इंडेक्स 3 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा। इसके अलावा निफ्टी के ऑटोमोबाइल, मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स 2 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद हुए।



## सट्टेबाजी ऐप मामले में एक्ट्रेस

# उर्वशी रौतेला

## और मिमी चक्रवर्ती को ED का समन, इस दिन होना होगा पेश

फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और मिमी चक्रवर्ती की मुश्किलों बढ़ सकती हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तलब किया है. ये मामला बेटिंग ऐप v&Bet से जुड़ा हुआ है. इस सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने के आरोप में पहले भी उर्वशी से पूछताछ हो चुकी है. अब एक बार फिर से उन्हें समन जारी हुआ है. साथ ही मिमी चक्रवर्ती को भी तलब किया गया है.

उर्वशी रौतेला को पूछताछ के लिए 16 सितंबर को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में पेश होना होगा. वहीं मिमी को 15 सितंबर को बुलाया गया है. ये मामला पिछले साल से चल रहा है और अवैध सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने के आरोप में इन दोनों के साथ-साथ और भी कई फिल्म स्टार्स और क्रिकेटर्स जांच के घेरे में हैं.

**ये सितारे भी जांच के घेरे में**



उन एक्टर्स और क्रिकेटर्स में विजय देवरकोंडा, प्रकाश राज, हरभजन सिंह, राणा दग्गुबाती, सुरेश रैना, शिखर धवन, युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे नाम शामिल हैं. इन स्टार्स को भी पहले समन जारी हो चुका है. पहले भी उर्वशी को तलब किया गया है. अब देखना होगा कि 16 सितंबर को जब वो ईडी के सामने पेश होंगी उसके बाद क्या जानकारी सामने आती है.

कुछ महीने पहले ये जानकारी सामने आई थी कि इस बेटिंग ऐप ने प्रचार पर 50 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए थे. इन सारे सितारों पर इस ऐप के प्रचार से जुड़े होने का आरोप है. इसी मामले में अब ईडी एक बार फिर से उर्वशी से पूछताछ करना चाहती है.

**साल 2025 में दो फिल्मों में दिखीं उर्वशी**

उर्वशी के प्रोफेशनल लाइफ पर नजर डालें तो वो बॉलीवुड की एक बड़ी एक्ट्रेस हैं. आए दिन किसी न किसी वजह से वो सुर्खियों में बनी रहती हैं. साल 2025 में वो दो फिल्मों में नजर आई हैं. इस साल सबसे पहले वो जनवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई फिल्म 'डाकू महाराज' में दिखी थीं, जिसमें लीड रोल में नंदमुरी बालाकृष्ण थे. उसके बाद उर्वशी सनी देओल की फिल्म 'जाट' में नजर आईं. ये फिल्म अप्रैल के महीने में रिलीज हुई थी.

## इधर थिएटर में आई 'एक चतुर नार', उधर सोशल मीडिया पर किसपर बरस पड़ी दिव्या खोसला?






बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या खोसला इन दिनों अपनी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर चर्चा में हैं. ये फिल्म थियेटर में रिलीज हो गई है और दर्शकों का फिल्म को प्यार भी मिल रहा है. फैंस दिव्या के काम को काफी पसंद कर रहे हैं. इसी बीच दिव्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर गलत कलेक्शंस दिखाने वालों को जम कर फटकार लगाई. दिव्या खोसला के अलावा फिल्म में एक्टर नील नितिन मुकेश भी हैं.निर्देशक उमेश शुक्ला की फिल्म एक चतुर नार एक ऐसी कहानी है जिसमें ब्लैकमेलिंग, रिवेंज और सस्पेंस के बीच चूहे-बिल्ली का खेल चलता है. फिल्म का प्लॉट दिलचस्प है और मुख्य कलाकार दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश अपने-अपने किरदारों में गहरी छाप छोड़ते हैं. दिव्या इससे पहले सावी में नजर आईं थीं.

**सोशल मीडिया जाहिर किया गुस्सा**

दिव्या ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है. उन्होंने पोस्ट में लिखा कि ये काफी अफसोस की बात है कि कई जगहों पर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शंस को सही से नहीं दिखाया जा रहा है. मैं सभी से इस बात का आग्रह करती हूं कि आप हमारी फिल्म के कलेक्शन के लिए हमारे डिस्ट्रीब्यूटर से सम्पर्क करें, ताकी किसी भी तरह की गलत खबरें ना चलें. दिव्या ने आगे लिखा बॉक्स ऑफिस कलेक्शंस दिखाने वाले वेबसाइट्स कई बार ऑथेंटिक नहीं होते और अपने मन से कई तरह के आंकड़े लिख देते हैं.

**चीप टैक्टिक्स का इस्तेमाल न करें**

दिव्या ने आगे कहा कि मेरी फिल्म सावी के वक्त भी इन वेबसाइट्स ने यही किया था और गलत आंकड़े लिखे थे, और अब 'एक चतुर नार' के वक्त भी ये लोग यही कर रहे हैं जो की काफी गलत बात है. आज के दौर में कई साइट्स इस तरह की चीप टैक्टिक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं. ये बहुत गलत बात है. दिव्या इससे पहले भी कई फिल्मों और एल्बम में नजर आ चुकी हैं. वहीं फिल्म में नील नितिन मुकेश के साथ उनकी जोड़ी जम रही है.

## 100 करोड़ रुपये के घर में रहती है शाहरुख खान की ये एक्ट्रेस, धर्म बदलकर बनी थी हिंदू



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शाहरुख खान ने अपने 33 साल के करियर में कई बेहतरीन एक्ट्रेसेस के साथ काम किया है. बॉलीवुड हसीनाओं के अलावा वो साउथ एक्ट्रेसेस और पाकिस्तानी अभिनेत्रियों के साथ भी बड़े पर्दे पर नजर आ चुके हैं. आज हम आपको शाहरुख की एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे, जो साउथ की लेडी सुपरस्टार हैं. उनकी गिनती टॉप एक्ट्रेसेस में होती है और वो काफी दौलतमंद है. वहीं एक्ट्रेस अपने डायरेक्टर पति के साथ 100 करोड़ के घर में रहती हैं.यहां बात हो रही है दक्षिण भारतीय सिनेमा की खूबसूरत अदाकरारों में से एक नयनतारा की. नयनतारा ने साल 2023 में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' में काम किया था. इस फिल्म ने दुनियाभर में 1150 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था. फिल्मों के साथ ही नयनतारा ने पर्सनल लाइफ से भी काफी सुर्खियां बटोरी है. कभी प्यार की खातिर उन्होंने अपना धर्म तक बदल लिया था और हिंदू बन गई थीं.

**ईसाई से बनीं हिंदू**

18 नवंबर 1984 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में जन्मीं नयनतारा का असली नाम डायना मरियम कुरियन है. उनका जन्म ईसाई परिवार में हुआ था. लेकिन, बाद में उन्होंने मशहूर अभिनेता-डायरेक्टर और कोरियोग्राफर प्रभुदेवा के साथ रिश्ते में होने के दौरान धर्म बदल लिया था और वो हिंदू बन गई थीं.

साल 2011 में उन्होंने ईसाई धर्म छोड़कर चेन्नई के आर्य समाज मंदिर में हिंदू धर्म अपनाया था. लेकिन, उनकी प्रभु देवा के साथ शादी नहीं हो पाई और दोनों का ब्रेकअप हो गया था. क्योंकि प्रभु देवा उस वक्त पहले से शादीशुदा थे और इस वजह से उनके रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई.

**100 करोड़ का घर, 200 करोड़ नेटवर्थ**

प्रभु देवा से अलग होने के बाद नयनतारा की लाइफ में फिल्ममेकर विग्नेश सिवन की एंट्री हुई थी. बताया जाता है कि दोनों की पहली मुलाकात 'नानुम राउडी धन' नाम की फिल्म के दौरान हुई थी.


बाद में दोनों ने एक दूसरे को डेट किया था. इसके बाद कपल ने साल 2022 में शादी कर ली थी. उसी साल दोनों सरोगेसी के जरिए जुड़वा बच्चों के पैरेंट्स बने थे. एक्ट्रेस अपने पति के साथ चेन्नई में 100 करोड़ रुपये कीमत के घर में रहती हैं. वहीं उनकी नेटवर्थ की बात करें तो वो 200 करोड़ रुपये है.

# रश्मिका मंदाना

## ने इस फिल्म से किया था बॉलीवुड डेब्यू, हुआ इतना बुरा हाल



रश्मिका मंदाना आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. अपने शानदार अभिनय के दम पर रश्मिका ना सिर्फ साउथ में काफी पॉपुलर हुई हैं, बल्कि देशभर में वो नाम कमा चुकी हैं और विदेशों में भी उनकी फैन फॉलोइंग है. रश्मिका करीब 9 साल से फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं और इस छोटे से करियर में ही वो सुपरस्टार का दर्जा हासिल कर चुकी हैं. उन्होंने बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है. हालांकि उनकी बॉलीवुड में पहली ही फिल्म बुरी तरह पिट गई थी.



### जब बॉक्स ऑफिस पर फेल हुईं रश्मिका

29 साल की रश्मिका मंदाना ने साल 2016 में आई कन्नड़ फिल्म 'किरीक पार्टी' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी. ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. इसके बाद रश्मिका ने तेलुगू सिनेमा में भी काम किया. उन्हें 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' जैसी फिल्मों से ग्लोबल पहचान मिली थी. इन फिल्मों में उन्होंने 'श्रीवल्ली' नाम के किरदार से सीधे दर्शकों के दिलों में जगह बना ली थी. पुष्पा के बाद रश्मिका ने जल्द ही हिंदी सिनेमा में भी अपनी शुरुआत कर दी थी.

**अमिताभ बच्चन संग किया था बॉलीवुड डेब्यू**

रश्मिका को साल 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा' ने बड़ा स्टारडम दिलाया था. इसके करीब एक साल बाद वो अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'गुडबाय' में नजर आई थीं. अक्टूबर 2022 में रिलीज हुई गुडबाय उनकी पहली हिंदी फिल्म थी. इसका डायरेक्शन विकास बहल ने किया था.

**आधा बजट भी नहीं निकाल सकी फिल्म**

गुडबाय में अमिताभ बच्चन और रश्मिका के साथ नीना गुप्ता जैसी दिग्गज एक्ट्रेस भी नजर आई थीं. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी. गुडबाय को करीब 20 करोड़ रुपये के बजट में तैयार किया गया था. जबकि इसका भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन 7 करोड़ रुपये से भी कम हो पाया था.

**'एनिमल-छावा' से लूटा बॉक्स ऑफिस**

बॉलीवुड में रश्मिका की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' थी. दिसंबर 2023 में रिलीज हुई इस पिक्चर में उन्होंने रणबीर कपूर के साथ काम किया था. इस फिल्म ने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी और ये ब्लॉकबस्टर निकली थी. वहीं रश्मिका 'छावा' में भी नजर आई थीं. इसी साल (2025) रिलीज हुई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 800 करोड़ रुपये से ज्यादा बटोरे थे. इसमें उन्होंने विकी कौशल के अपोजिट लीड रोल प्ले किया था.

## 16 दिवसीय सोरहिया मेले के समापन के बाद लक्ष्मीकुंड पर स्वच्छता अभियान, मां लक्ष्मी की उतारी आरती

### नमामि गंगे ने काशी के पौराणिक कुंडों- तालाबों- पोखरों - सरोवरों को संरक्षित रखने का किया आवाह्न

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 16 दिवसीय सोरहिया मेले के समापन के बाद सोमवार को लक्ष्मी कुंड पर नमामि गंगे और नगर निगम कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के बीच काशी के पौराणिक कुंडों और तालाबों के संरक्षण की अपील भी की गई। कार्यकताओं व कर्मचारियों ने लक्ष्मी कुंड पर बिखरी गंदगी को साफ कर सामाजिक दायित?वों को निर्वहन किया। इस दौरान पितृपक्ष के मातृ नवमी पर आत्मनिर्भर भारत की कामना से माता लक्ष्मी की आरती उतारकर श्री समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद जीवित्पुत्रिका व्रत, सोरहिया मेले के बाद लक्ष्मी कुंड में इधर-उधर बिखरे निर्माल्य एवं सामग्रियों को बटोर कर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी के हवाले किया। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई पॉलिथीन , केमिकल युक्त मूर्तियां एवं अन्य गंदगियों को कुंड परिसर से बाहर निकाला। लक्ष्मी कुंड के आसपास नगर निगम के कर्मचारियों के साथ सफाई की। नमामि गंगे के राजेश शुक्ला ने बताया कि सनातनी संस्कृति के जन्म से लेकर मृत्यु तक के आयोजन पवित्र नदियों, कुंडों, तालाबों, पोखरों और सरोवर के किनारे होते हैं। हमारे जीवन में जल की महत्ता को समझ



कर स्वच्छता की जिम्मेदारी का निर्वहन भी हमें स्वयं को करना होगा। पवित्र नदियों जलाशयों के किनारे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के बाद बचे हुए निर्माल्य व सामग्रियों को हम छोड़कर न जाएं जिससे कि इनके किनारे गंदगी का अंबार न लगे। अभियान में नगर निगम सुपरवाइजर विक्की कुमार, अमित कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में चौथी मंजिल की छत से गिरे व्यक्ति की मौत



**गौतमबुद्ध नगर।** थाना सेक्टर - 20 क्षेत्र के निठारी गांव में बीती रात को एक व्यक्ति सोते समय अपने घर की चौथी मंजिल की छत से संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि रामनाथ शर्मा पुत्र वासुदेव शर्मा उम्र 45 वर्ष निठारी गांव में रहते थे। वह मूल रूप से जनपद मधुबनी बिहार के रहने वाले थे। बीती रात को वह संदिग्ध परिस्थितियों में सोते समय अपने घर की छत से चौथी मंजिल से नीचे गिर गए। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर 20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़े रहे बाबू जी श्याम लाल यादव - नटवर गोयल



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने कहा कि स्वर्गीय बाबू जी श्याम लाल यादव की 99 वीं जयंती के पावन अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करता हूं। बाबू जी सदैव समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़े रहे। उनके संघर्षों और योगदान ने सामाजिक न्याय की अलख जगाई, जो आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

वाराणसी में मैदागिन स्थित पराड़कर भवन के गर्दे सभागार में आयोजित स्वर्गीय बाबू जी श्याम लाल की जयंती समारोह में मुख्य वक्ता रहे नटवर गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। समारोह में स्वर्गीय बाबू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया एवं उपस्थित गणमान्यजनों को संबोधित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। नटवर गोयल ने कहा कि श्रद्धेय बाबू जी को जयंती पर शत्-शत नमन है। वाराणसी का प्रबुद्ध वर्ग उन्हें प्रेम से बाबूजी कहता था और यही कारण है कि आज भी उन्हें जानने वाला बच्चा-बच्चा बाबूजी ही कहता है। उनके जीवन में तमाम कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा एवं रोजगार को लेकर पीड़ा रहती थी। गरीब को शिक्षा मिले, बेरोजगार को रोजगार मिले। इसके लिए बाबूजी चिंतन करते रहते थे।

# दर्शन करने जा रही टूरिस्ट बस ट्रेलर से टकराई चार की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर क्रॉसिंग के पास रविवार रात उस समय अफरातफरी मच जब चार धाम यात्रा पर निकली श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर टूरिस्ट बस और ट्रेलर की जोरदार टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों के शव शव गृह में रखे गए है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

जानकारी के अनुसार टूरिस्ट बस छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या दर्शन के लिए आये थे। दर्शन के बाद यात्री वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में सीहीपुर क्रॉसिंग के पास बस ने आगे चल रहे ट्रेलर में




टक्कर मार दी। बस में कुल 50 यात्री सवार थे। मृतकों में आशा भवल, गुलाब, चालक दीपक और एक रेखा बर्निक शामिल हैं। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक नगर और सिटी मजिस्ट्रेट जौनपुर के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनके इलाज की जानकारी ली और चिकित्सकों को बेहतर उपचार हेतु निर्देश दिए। साथ ही घायलों व परिजनों को हर संभव सहायता व त्वरित इलाज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि देर रात लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहीपुर के पास श्रद्धालुओं से भरी बस जो अयोध्या से वाराणसी जा रही थी कि आगे चल रहे ट्रेलर के अनियंत्रित होने से टकराई है जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है। 9 लोग घायल हैं जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वही दूसरी तरफ सोमवार को जौनपुर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि रात में हुए हादसे में चार लोगों की मौत हुई थी। जो लोग सुरक्षित थे उनको पुलिस लाइन में रखा गया था। आज उन्हें उनके घर तक गाड़ी से भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश से इनकी उचित व्यवस्था के साथ घरों को रवाना किया जा रहा है।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर जानलेवा हमला मामले में एक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित एयरपोर्ट थाने की पुलिस टीम ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर हुए जानलेवा हमला मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। यह जानकारी सोमवार को अपर पुलिस उपायुक्त नगर अभिजीत कुमार ने दी।




उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित जे.पी. दुबे है। इस मामले के अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि कौशाम्बी जनपद के कोइलहा गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू का एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपलगांव में स्थित एक जमीन को लेकर पुराना विवाद था। जहां रविवार को कुछ लोग निर्माण कराया जा रहा था। जहां वह निर्माण रोकने के लिए रविवार को गया तो उसे मारपीट करके घायल कर दिया गया। वारदात के बाद घायल पूर्व ब्लॉक प्रमुख को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की तलाश में टीमें लगी हुई। इस मामले में सोमवार को जे.पी. दुबे को गिरफ्तार किया गया है।

## भारत माता मंदिर में भाजपा कार्यकताओं ने लगाई झाड़ू



**वाराणसी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा में सोमवार को भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कार्यकताओं के साथ भारत माता मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया।

महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मानने के लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है।

भारत माता मंदिर परिसर में झाड़ू लगाने के बाद महानगर अध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकताओं को निरंतर वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की और कहा कि हम अपने आसपास एवं पौराणिक स्थलों और महापुरुषों के मूर्ति स्थल पर अवश्य ही स्वच्छता रखें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह गौतम, अशोक यादव, अजय

## नवविवाहिता का फांसी पर झूलता शव बरामद, सात ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप




**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रदेश जिले में रविवार देर रात कमरे में एक नवविवाहिता का फांसी पर झूलता शव मिला है। नवविवाहिता के मायके वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और फांसी पर लटकाकर हत्या किए जाने का सात ससुरालीजनों पर आरोप लगाया है।

बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के मजरा पंचमपुर निवासी हरिओम पांडेय पुत्र राजेश पांडेय के साथ विगत 26 जनवरी 2025 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ कानपुर नगर के कृष्ण विहार गल्ला मण्डी निवासी धर्मेंद्र तिवारी ने अपनी बेटी सृष्टी उर्फ जयंती की शादी बड़े धूमधाम से की थी। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने ज्वैलरी, नगदी व सामान सहित बीस लाख रुपये दान दक्षिणा में खर्च किया था। बाद में मेरी बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना बेटी सृष्टी ने जब दिया तो मैंने ससुरालीजनों को समझाया। कुछ दिन ठीक ठाक रहा। आज रात ससुरालीजनों ने सृष्टी को फांसी पर लटका कर हत्या कर दिया। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान जयराम ने मुझे दी। तब हम लोग आए तो सृष्टी फांसी पर झूलती मिली।

मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बेटी सृष्टि के पति हरिओम पाण्डेय, ससुर राजेश पाण्डेय पुत्ल्य, सासस सिद्धा, जेठ अमित पाण्डेय, जेठानी (अमित पाण्डेय की पत्नी) नन्द लक्ष्मी पत्नी राम जी, भांजी गोलू (गुडिया) को आरोपी बनाया है।

थानाध्यक्ष सुमित देव पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता की तहरीर मिली है जिसके आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भरतपुर के रियासत कालीन झंडा हटाने से बृज जाट समुदाय में उबाल

**आगरा।** राजस्थान के भरतपुर जनपद मे भरतपुर रियासत के झंडे को राजकुमार अनिरुद्ध सिंह द्वारा हटाकर दूसरा झंडा लगाए जाने को लेकर बृज क्षेत्र के जाट समुदाय में भारी नाराजगी है। झंडे को हटाए जाने के विरोध में जाट समुदाय ने लामबंद होकर 21 सितम्बर को भरतपुर किला मोती महल में महापंचायत करने का ऐलान किया है।विगत दिनों भरतपुर रियासत के महाराजा विश्वेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी दी कि राजकुमार अनिरुद्ध सिंह ने भरतपुर रियासत के पुराने झंडे को बदलकर अपनी स्वेच्छा से एक अलग झंडा लगा दिया है। यह जानकारी मिलने पर बृज क्षेत्र के भरतपुर, आगरा, मथुरा सहित आसपास के जाट बाहुल्य क्षेत्रो में अनिरुद्ध सिंह के प्रति भारी नाराजगी सामने आई है। उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा की सीमा राजस्थान के भरतपुर जनपद से लगी हुई है।राजस्थान में भरतपुर और सीमा से लगे हुए उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा में जाट समुदाय बड़ी तादाद में है।

# पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, दो पुलिस की गोली से हुए लंगड़े

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में पुलिस ने रविवार की रात में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दो बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गए। बदमाशों में दो शातिर लुटेरे हैं जबकि दो वाहन चोर हैं । घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना अंकुर विहार पुलिस रविवार की रात में लालबाग कीकड़ो में चेकिंग की जा रही थी, तभी एक स्कूटी पर 02 व्यक्ति सवार होकर डाबर तालाब की तरफ से लालबाग की तरफ आते हुये दिखाई दिये। जिन्हे पुलिस ने रुकने का इशारा किया। युवक स्कूटी न रोक पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए स्कूटी मोड कर भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में स्कूटी चला रहे व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। उसने अपना नाम योगेश उर्फ काके निवासी प्रेमनगर थाना करावल नगर बताया । गिरफ्तार किये गये



दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम रोहन शिव विहार थाना करावल नगर दिल्ली बताया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आरोपियों से बरामद स्कूटी के सम्बंध में थाना वेवसिटी में चोरी का मामला दर्ज है।

रविवार की ही रात को कविनगर पुलिस ने मुठभेड में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक तंमचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 09एमएम व चैन के एक टुकड़ा पीली धातु,चोरी के तीन मोबाईल व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर बरामद हुई है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से कैला भट्ठा निवासी समीर घायल हो गया। जबकि उसके साथी दानिश उर्फ लम्बू को पुलिस ने कॉम्बिंग करके दबोच लिया। इन लुटेरों ने 11 सितंबर को शास्त्रीनगर निवासी अनुज गोयल की पत्नी के गले से चैन लूटी थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि शास्त्रीनगर में एक महिला के गले से सोने की चैन छीनी थी उसका एक टुकड़ा मैने पहले राह चलते व्यक्ति को कम दामो में बेच दिया था तथा पैसो को खर्च कर दिया था । यह मोबाईल हम दोनो ने थाना कविनगर व कोतवाली क्षेत्र से राह चलते लोगो से छीना है। आज हम इस चैन व मोबाईल को बेचने व कोई और घटना करने के लिये ही आये थे।

## केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी वाराणसी पहुंचे, एयरपोर्ट पर स्वागत

**वाराणसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाग लेने वाराणसी पहुंच गए हैं। सोमवार को बाबतपुर स्थित एयरपोर्ट पर विभागीय अफसरों के साथ भाजपा नेता (पार्टी प्रोटोकाल प्रभारी) शैलेश पांडेय और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट पर कार्यकताओं से बातचीत के बाद केन्द्रीय मंत्री काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री पुरी यहां जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा होगी। इसके पहले उन्होंने सर्किट हाउस में भाजपा के पदाधिकारियों से

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेने को 105 का आया आवेदन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ पाने के लिए 105 लोगों ने आवेदन किया है ?। यह जानकारी सोमवार को मत्स्य विभाग के मुख्यकार्यकारी विवेक तिवारी ने दी है।



उन्होंने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार मछुआरा समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मत्स्य विभाग की योजनाओं के अतिरिक्त योगी सरकार मत्स्य सम्पदा योजना को शुरू किया है। इस वित्तीय वर्ष में प्रयागराज के सभी मत्स्य परिक्षेत्र से कुल 105 आवेदन आए हैं आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रक्रिया डीएलसी की बैठक होने के बाद जिनके प्रोजेक्ट पास होंगे, उसके बाद योजना का लाभ दिया जाएगा।

## मांडा में मजदूर की मौत

प्रयागराज। रविवार को मांडा थाना क्षेत्र के तीसेन तुलापुर में एक मजदूर जो की दीवार का निर्माण कर रहा था कुछ ऊंचाई से गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मृतक दूधनाथ पुत्र राम आधार पासी उम्र 55 वर्ष ग्राम कोषणा कला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भिजवा दिया।

## कार की चपेट में आने से टहलने निकले बुजुर्ग की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया नी के दिबियापुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा होगा गया। दिबियापुर नगर सेहुद के पास जनता महाविद्यालय के निकट 82 वर्षीय बुजुर्ग रामकृष्ण मिश्रा सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन



डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।


रामकृष्ण मिश्रा दिबियापुर नगर के निवासी थे और हर रोज की तरह सुबह सैर पर निकले थे। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक रामकृष्ण मिश्रा के दो बेटे हैं जो इस समय बाहर हैं।

# परेशान न हों, इलाज में मदद करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आये हर पीड़ित के पास पहुंचे, शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। रायबरेली से आये किडनी व हर्ट के मरीज को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए।



**किडनी, हृदय के मरीज को भिजवाया मेडिकल कॉलेज**

'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा।

**हर जरूरतमंद को इलाज में निरंतर आर्थिक सहायता**

'जनता दर्शन' में इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at Dinesh Sharma 19, DSIDC Sheds, Scheme 3, Okhla Phase-2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No.- DLHIN/25/A2321